■ फाल्गुन शुक्ल - 5 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 229 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 15-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 गरीबों के जीने के अधिकार में दखल दें तो माफिया को जीने का अधिकार नहीं : योगी

6 विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विशेष : जानें अधिकार और बनें जागरूक उपभोक्ता

7 खतरों के खिलाड़ी-14 के लिए रोहित शेट्टी ने बढ़ाई फीस






## फर्स्ट टेक

### असम में 110 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के कछार जिले में बृहस्पतिवार को 110 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए धोलाई इलाके के लोकनाथपुर में एक अभियान के दौरान 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की गई। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''110 करोड़ रुपये कीमत की मादक पदार्थ की खेप जब्त। गुप्त सूचना के आधार पर, कछार पुलिस ने आज धोलाई के लोकनाथपुर में एक अभियान चलाया और 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की।''

### सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली/भाषा।** समाजसेवी सुधा मूर्ति ने बृहस्पतिवार को अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को पिछले शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।

### ममता बनर्जी चोटिल, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर बृहस्पतिवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। ममता बनर्जी (69) के परिवार ने कहा कि वह एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने घर पहुंची थीं। घर में वह गिर गईं। तृणमूल कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें।''

15-03-2024 सूर्यास्त 6:15 बजे | 16-03-2024 सूर्योदय 6:19 बजे

BSE 73,097.28 (+335.39) | NSE 22,146.65 (+148.95)

सोना 6,606 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो

# पेट्रोल, डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती

## नई दरें आज सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने लोकसभा चुनावों की घोषणा करीब आने के बीच बृहस्पतिवार शाम को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करने का फैसला किया है। इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें करीब दो साल से स्थिर बनी हुई थीं। यह कदम आम चुनाव की तारीखों का ऐलान करीब होने के बीच उठाया गया है। ऐसी संभावना है कि निर्वाचन आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। इस कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो फिलहाल 96.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है।

### सीएनजी की कीमतों में गेल गैस ने कटौती की घोषणा की

**बेंगलूरु/एजेन्सी।** गेल गैस लिमिटेड ने बेंगलूरु में सीएनजी की कीमतों में बड़ी मात्रा में कटौती की घोषणा की है। कीमत कमी का उद्देश्य सीएनजी को उपभोक्ताओं के लिए अधिक पहुंचनीय और किफायती बनाना है, जिससे साफ सफाई योजनाओं को अधिक व्यापक रूप से अपनाया जा सके और पर्यावरण के लिए सतत परिवहन अभ्यास को प्रोत्साहित किया जा सके।

# 'भ्रष्टाचार, कुशासन, राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देना 'इंडि' गठबंधन की विचारधारा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडि' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि वह भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि' योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है।

लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उन पर निशाना साधा और कहा कि वे दिन-रात उन्हें ''गाली'' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। कांग्रेस और आप 'इंडि' गठबंधन के सदस्य हैं। वर्तमान में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट भाजपा के पास हैं।

मोदी ने कहा कि 'पीएम स्वनिधि योजना' रेहड़ी-पटरी वालों के लाखों परिवारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जिन पर पिछली सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे अपमान सहते थे और इधर-उधर भागते थे क्योंकि उन्हें बैंकों से मुश्किल से ऋण मिलता था और उन्हें अत्यधिक ब्याज दरों पर पूंजी प्राप्त करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा, 'मोदी की गारंटी' ने यह सुनिश्चित किया है कि वे बैंकों से सरल दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।




# 'सीएए को लेकर किया जा रहा गुमराह, नहीं छिनेगी किसी की नागरिकता'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारपेटा (असम)/भाषा।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और यह कानून भारत में रह रहे किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। सिंह ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीएए धार्मिक रूप से उत्पीड़न का शिकार उन लोगों को नागरिकता प्रदान करेगा जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 2014 तक भारत आ गये।

वह भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के प्रत्याशी फणि भूषण चौधरी के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। चौधरी बारपेटा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

रक्षामंत्री ने कहा, ''नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है.. मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि यह कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। यह बस नागरिकता प्रदान करेगा।''

## पुलिस भर्ती घोटाले की जांच के लिए

### कर्नाटक सरकार ने एसआईटी के गठन को मंजूरी दी

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक कैबिनेट ने पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले की जांच के लिए बृहस्पतिवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का फैसला किया। विशेष जांच दल गठित करने का फैसला न्यायमूर्ति बी वीरप्पा आयोग की सिफारिशों पर किया गया है। न्यायमूर्ति वीरप्पा ने हाल ही में घोटाले के संबंध में अपनी रिपोर्ट सौंपी और कहा कि इसमें सरकारी अधिकारी, कर्मचारी और कुछ बिचौलिए समेत 113 लोग शामिल थे। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायर गौड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि कुछ लोगों ने समन का जवाब नहीं दिया, हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से बयान दिए लेकिन आयोग के सामने पेश नहीं हुए। मंत्री ने कहा कि आयोग के पास उन्हें जबरन बुलाने की शक्ति नहीं है, इसलिए उसने सिफारिश की है कि ऐसे लोगों के बयान एक अन्य जांच के जरिए दर्ज किए जाने चाहिए।

# निर्वाचन आयोग ने चुनावी बांड की जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार चुनावी बांड से संबंधित समूची जानकारी अपनी वेबसाइट पर गुरूवार देर रात प्रकाशित कर दी। करीब सवा चार सौ पृष्ठ के इस दस्तावेज में राजनीतिक दलों को चुनावी बांड के माध्यम से दान देने वाली कंपनियों, संगठनों और व्यक्तियों तथा उनके द्वारा खरीदे गये बांड की जानकारी दी गयी है।

वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजनीतिक दलों को देने वाली कंपनियों में भारती एयरटेल लिमिटेड, फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड, लक्ष्मी निवास मित्तल, एडलवाइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, जीएचसीएल लिमिटेड, जिंदल पॉली फिल्म्स लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, स्पाइसजेट लिमिटेड, जेके सीमेंट लिमिटेड, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स लिमिटेड, एवन साइकिल्स लिमिटेड, जेके सीमेंट लिमिटेड, ज़ाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड, सिप्ला लिमिटेड, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड और मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड , ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड, पेगासस प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड और बजाज फाइनेंस लिमिटेड सहित अनेक कंपनियां शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उसने आज अपनी वेबसाइट पर चुनावी बांड पर स्टेट बैंक से प्राप्त आंकड़ों को 'जैसा है जहां है' के आधार पर अपलोड किया है।

### सुखबीर सिंह संधू, ज्ञानेश कुमार बने चुनाव आयुक्त



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त करने संबंधी अधिसूचना गुरुवार शाम जारी कर दी गयी। विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से यह अधिसूचना जारी की गयी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इससे पहले इन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम 2023 (2023 का अधिनियम संख्या 49) की खंड 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ु मार, आईएएस (सेवानिवृत) और डॉ संधु , आईएएस (सेवानिवृत्त) की नियुक्ति चुनाव आयुक्त के रूप में करने को मंजूरी प्रदान की। उनका कार्यकाल चुनाव आयोग में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से माना जायेगा।




# मुंबई ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता

**मुंबई/भाषा।** मुंबई ने विदर्भ को फाइनल में 169 रन से हराकर अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करते हुए 42वीं बार रणजी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जीत के लिए 538 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ के बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और मुंबई का इंतजार लंबा कराया। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे ने एक समय मुंबई को परेशानी में डाल दिया था। अपने कैरियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव को आउट करके विदर्भ की पारी का अंत किया। वाडकर ने 199 गेंद में 102 और करूण नायर ने 74 रन बनाए लेकिन मुंबई का दबदबा खत्म नहीं कर सके। मुंबई के लिए तनुष कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए।

## कोविंद समिति की रिपोट

# 32 दल सभी चुनाव एक साथ कराने के पक्ष में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** एक देश, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने देश भर में त्रिस्तरीय सभी चुनाव एक साथ कराने के लिये दो-चरणीय दृष्टिकोण की सिफारिश की है। पहले कदम के रूप में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिये एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की गयी है।

समिति का कहना है कि दूसरे चरण में, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव को लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के साथ इस तरह से समन्वित किया जा सकता है कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव लोकसभा के चुनाव होने के सौ दिनों के भीतर हो जायें।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), दो राष्ट्रीय पार्टियों से 32 सहित लोक सभा में प्रतिनिधित्व रखने वाले 46 राजनीतिक दलों में से 32 दलों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन किया।

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त छह दलों में से चार ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है. विरोध करने वालों में कांग्रेस , मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आम आदमी पार्टी (आप) भी है।

समिति की रिपोर्ट के अनुसार समिति ने कुल 62 दलों से सुझाव और प्रतिक्रियायें मांगी थी जिसमे से 47 दलों ने समिति को अपने सुझाव दिये। इन दलों में 32 दल देश में लोक सभा, विधानसभा चुनाव एक साथ चुनाव कराये जाने के लिये सहमति व्यक्त की है जबकि 15 ने असहमति व्यक्त की है।

पन्द्रह दलों ने समिति के अनुरोध के बावजूद इस विषय में अपनी कोई राय नहीं दी है। राज स्तरीय दलों में तृणमूल कांग्रेस , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), द्रविण मुनेत्र कषगम (डीएमके), आल इंडिया मजलिसे -ऐतिहादुल मुस्लिमीन और समाजवादी पार्टी ने साथ-साथ चुनाव कराने की अवधारणा का विरोध किया है।

शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) असम गण परिषद , अन्ना द्रमुक, जनता दल (यूनाइटेड), शिव सेना और लोक जनशक्ति पार्टी (आर) साथ-साथ चुनाव के पक्ष में हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) तथा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जैसे कई बड़े राज स्तरीय दलों ने इस विषय में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार), महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और भारतीय मक्कल कालवी मुनेत्र कषगम साथ-साथ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस ने कहा है कि साथ-साथ चुनाव की प्रणाली लागू करने से संविधान की मूल संरचना में काफी बदलाव हो जायेगा और यह संघवाद की गारंटी के विरुद्ध हो जायेगा।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### गिरावट का दौर

संसेक्स गिर गया तेजी से,
हर ओर गिरावट जारी है।
हो रहा अभद्र भाषा का स्तर,
शब्दों की चली दुधारी है।
गिर गए मूल्य नैतिकता के,
बेशर्मी सब पर भारी है।
दानवता मुखरित सभी तरफ,
मानवता लगती हारी है।।

# मोदी सरकार नए आपराधिक कानूनों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार नए आपराधिक कानूनों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने वाले तीन नए कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – एक जुलाई से लागू होंगे। शाह ने यह भी कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को प्रौद्योगिकी और मजबूत बुनियादी ढांचे से मजबूत बना रही है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप संकलन की शुरुआत करते हुए कहा कि पोर्टल और ऐप तीन नए कानूनों के संबंध में नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मार्गदर्शन करेंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह ऐप नए और पुराने आपराधिक कानूनों को जोड़कर नई न्याय प्रणाली के सुचारू कार्यान्वयन में मददगार होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार नई आपराधिक न्याय प्रणाली को निर्बाध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। तीनों कानूनों को 21 दिसंबर को संसद से मंजूरी मिली और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को उन्हें अपनी सहमति दे दी। ये कानून औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के अत्याधुनिक आपराधिक मामला प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया। इस दौरान शाह ने कहा कि अत्याधुनिक सीसीएमएस सॉफ्टवेयर न केवल जांच में मानकीकरण लाएगा बल्कि देशभर में आतंक से संबंधित डेटा के आसान और सुव्यवस्थित संकलन को आसान बनाएगा। गृह मंत्री ने जम्मू और कोच्चि में एनआईए के दो कार्यालयों का भी उद्घाटन किया और रांची में एक आवासीय परिसर की आधारशिला रखी।

## भारत रेलवे के लिए फोर्ज्ड व्हील का निर्यातक बनने के लिए तैयार: वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि रेलगाड़ियों में इस्तेमाल होने वाले पहियों (फोर्ज्ड व्हील) का आयातक होने के 60 से 70 साल बाद भारत अब इसका निर्यात करने को तैयार है। वैष्णव के पास इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी है।

मंत्री यहां अमेरिका की सेमीकंडक्टर विनिर्माता क्वालकॉम के चेन्नई डिजाइन केंद्र का उद्घाटन करने आए थे। उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए फोर्ज्ड व्हील का उत्पादन करने के लिए एक संयंत्र स्थापित करने को निर्माण गतिविधियां तमिलनाडु में शुरू हो गई हैं। रेलवे ने पहले चरण में 650 करोड़ रुपए की लागत से चेन्नई के पास गुम्मिडिपोंडी में विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए रामकृष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम (जेडब्ल्यू) शुरू किया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, वंदे भारत ट्रेन बहुत सफल रही है। वंदे भारत में जो पहिये इस्तेमाल किए जाते हैं, वे विशेष गुणवत्ता वाले होते हैं। वे एक विशेष विनिर्माण प्रक्रिया से गुजरते हैं। वैगन में हम जिन पहियों का उपयोग करते हैं, वे कास्टिंग प्रक्रिया से गुजरते हैं। फोर्ज्ड व्हील के उत्पादन के लिए कारखाना अब स्थापित किया जा रहा है।

## मेघालय में एचएनएलसी के हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए

**शिलांग/भाषा।** मेघालय के री-भोई जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) संगठन के हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एचएनएलसी संगठन से जुड़े चार लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। इन चारों को पुलिस ने शिलांग के विवादित पंजाबी लेन इलाके में 'आईईडी' विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

पुलिस अधीक्षक जगपाल धनोआ सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, बुधवार को री-भोई जिले में एचएनएलसी के झंडे के साथ हथियार, जिलेटिन की छड़ें, विस्फोटक आदि बरामद किए गए। शनिवार रात पंजाबी लेन इलाके में हुए विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोमवार को गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों ने बांग्लादेश स्थित अपने आकाओं के निर्देशों के अनुसार इस हमले को अंजाम दिया था। विस्फोट में शामिल होने के आरोप में रविवार की रात हाइनीवट्रेप नेशनल यूथ फ्रंट के एक नेता सहित दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था।

## ''अमेरिकी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए हो रहा है''

**वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की तथा उन्हें बताया कि अमेरिकी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। समूह ने कैलिफोर्निया में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराधों को लेकर इस हफ्ते न्याय विभाग, एफबीआई और स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद कई लोगों के मुताबिक, भारतीय-अमेरिकियों ने इस बात पर नाराजगी और असंतोष व्यक्त किया कि अमेरिका में कानून प्रवर्तन एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं जो भारत में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं।

हिंदू और जैन मंदिरों के खिलाफ घृणा अपराधों में वृद्धि को लेकर समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया की पहल पर बैठक आयोजित की गई थी। इसमें करीब दो दर्जन प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने शिरकत की। न्याय विभाग के सामुदायिक संबंध सेवा से विंसेंट प्लैयर और हरप्रीत सिंह मोखा के साथ-साथ एफबीआई अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपिटास, फ्रीमोंट और नेवार्क के पुलिस विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि उन लोगों खासकर हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराधों में अचानक बढ़ोतरी से समुदाय में बहुत भय और चिंता है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोग स्कूलों और भारतीयों से संबंधित किराने की दुकानों के बाहर ट्रक खड़े कर देते हैं और युवा भारतीय-अमेरिकियों को डराते हैं। समुदाय के कई सदस्यों ने इस बात पर अपनी नाराजगी जतायी कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाई हैं, जो सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास को जलाने की कोशिश में शामिल थे और खुलेआम भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे थे और भारत में आतंकवादी घटनाओं के लिए खुला आह्वान कर रहे थे।

## सरकार का एकमात्र उद्देश्य 'वन नेशन, नो इलेक्शन' है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने देश में एक साथ चुनाव कराए जाने से संबंधित समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार का मकसद सिर्फ 'वन नेशन, नो इलेक्शन' (एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं) का है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान को पूरी तरह से नष्ट करना चाहती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की बृहस्पतिवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया, जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। जयराम रमेश ने नासिक में 'पीटीआई वीडियो' से कहा, प्रधानमंत्री का उद्देश्य बहुत स्पष्ट है। वह, स्पष्ट बहुमत, दो-तिहाई बहुमत, 400 सीट की मांग कर रहे हैं... वे बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार का मकसद 'एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं' है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है और इसका उद्देश्य धन और अन्य संसाधनों को बचाना है।

## 'सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं।

जोशी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।

फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है।

हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है। जोशी ने कहा कि बैंकों के पास हिस्सेदारी कम करने के लिए कई विकल्प हैं, जिनमें अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) या पात्र संस्थागत नियोजन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।




## परियोजनाओं का पूरा होना प्रधानमंत्री मोदी के 'विकास मॉडल' की पहचान : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि नींव रखने के बाद परियोजनाओं को पूरा करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास मॉडल' की पहचान है।

सीतारमण ने दावा किया कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले परियोजनाओं का शिलान्यास तो किया जाता था, लेकिन उन्हें समय पर पूरा नहीं किया गया।


सीतारमण ने आईआईटी-गुवाहाटी में आयोजित 'विकसित भारत एम्बेसडर कैंपस डायलॉग' में कहा, परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से देश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जिससे यह धारणा बनी कि भारत अपनी परियोजनाओं को पूरा नहीं करता है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का मानना है कि सरकार सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करेगी बल्कि परियोजनाओं को पूरा भी करेगी... इस नियम से पूर्वोत्तर को भी फायदा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर सरकार के 'विकास मॉडल' में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो पिछले दशक में प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों द्वारा इस क्षेत्र के किए गए दौरों की संख्या से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर का 65 बार दौरा किया है, जबकि अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने 850 बार दौरा किया है। यह क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकता को दर्शाता है।

## खुशहाल समाज के लिए युवा, महिला, श्रमिक और किसानों का उत्थान महत्वपूर्ण : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



महाराष्ट्र के वर्धा जिले में सिंदी ड्राई पोर्ट पर 'मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क' का उद्घाटन किया केंद्रीय मंत्री गडकरी ने, रेल टर्मिनल सेवाओ के परीक्षण को हरी झंडी दिखाई

**नागपुर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि युवा, महिलाएं, श्रमिक और किसान एक खुशहाल समाज के लिए आवश्यक हैं और उनका उत्थान जरुरी है। उन्होंने महाराष्ट्र के वर्धा जिले में 'सिंदी ड्राई पोर्ट; पर 'मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क' का उद्घाटन किया और वहां रेल टर्मिनल सेवाओं के परीक्षण को हरी झंडी दिखाई, जिसके बाद उन्होंने यह बात कही।

मंत्री ने कहा कि राज्य के विदर्भ क्षेत्र में स्थित शुष्क बंदरगाह लगभग एक लाख नौकरियां और कई रोजगार और व्यापार के अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने परियोजना के लिए 1,200 करोड़ रुपए दिए हैं, जबकि जेएनपीटी (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट) ने 600 करोड़ रुपए दिए हैं। इससे औद्योगिक क्लस्टर, कोल्ड स्टोरेज, गोदाम और 'प्री-कूलिंग प्लांट' बनाने में मदद मिलेगी।

नितिन गडकरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए नागपुर से फिर से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा अगर हमें अपने समाज को खुशहाल बनाना है तो युवा, महिला, श्रमिक और किसानों का उत्थान जरूरी है।

गडकरी ने कहा कि युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए, महिलाओं को सशक्त होना चाहिए और समान अधिकार मिलना चाहिए, श्रमिकों को उचित मजदूरी मिलनी चाहिए, जबकि किसानों को उनकी उपज के लिए अच्छी कीमत मिलनी चाहिए।

## गाजीपुर बाजार में नाबालिग के कार चलाने से एक महिला की मौत, 9 अन्य लोग घायल

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्वी दिल्ली के भीड़ वाले गाजीपुर बाजार में एक कार के दुकानों में घुस जाने से एक महिला की मौत हो गई जबकि अन्य नौ लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने सड़क दुर्घटना के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पॉलिटेक्निक का 17 वर्षीय एक छात्र कार चला रहा था।

अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार की रात हुई। उस दौरान हुंडई ऑरा कार भीड़भाड़ वाले गाजीपुर बाजार में स्थित दुकानों में घुस गई, जिससे 22 वर्षीय सीता देवी की मौत हो गई।

इस घटना के बाद कार में सवार एक अन्य किशोर फरार हो गया। पुलिस ने पॉलिटेक्निक के छात्र को हिरासत में ले लिया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वाहन चालक ने भागने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ा, उसकी पिटाई की और फिर उसे पुलिस को सौंप दिया। गुस्साई भीड़ ने वाहन की विंडस्क्रीन और खिड़कियां तोड़ीं और उसे पलटने से पहले उसके दरवाजे तोड़ने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा, हम जांच कर रहे हैं कि किस आधार पर दोनों नाबालिगों को कार चलाने दी गई थी। ऑनलाइन टैक्सी सेवा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कार को आमतौर पर नीरज चलाता है। कार के मालिक, राजकुमार के साथ नीरज को भी जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।




## किसानों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में लगाए केन्द्र के खिलाफ नारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बड़ी संख्या में किसान बृहस्पतिवार को 'किसान मजदूर महापंचायत' के लिए राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए और उन्होंने केन्द्र की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

तीन केंद्रीय कृषि कानूनों (अब रद्द किए जा चुके) के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर 2020-21 में हुए किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा है कि सरकार की नीतियों के खिलाफ 'लड़ाई तेज करने' के लिए 'किसान मजदूर महापंचायत' में एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। किसानों ने धरना स्थल पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पंजाब के पटियाला के किसान हरमन सिंह ने बताया कि वह बुधवार रात राजधानी पहुंचे थे। किसान हरमन सिंह ने कहा, हम चाहते हैं कि केन्द्र की नीतियां किसानों के पक्ष वाली हों। हम यह भी चाहते हैं कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हमारी मांग भी पूरी हो। पंजाब के बठिंडा के किसान रविंदर सिंह ने कहा कि अक्टूबर 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि लखीमपुर खीरी में किसानों पर वाहन चढ़ाने वाले के खिलाफ कार्रवाई हो। पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। पुलिस ने यात्रा परामर्श जारी कर लोगों को मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों से बचने का सुझाव दिया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की सीमाओं पर तैनात अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

## गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहती है मांझी की पार्टी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कर दिया कि वह गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहती है, जो अभी जद (यू) के पास है।

नीतीश कुमार कैबिनेट में मंत्री और मांझी के बेटे संतोष सुमन ने यह बयान उन अटकलों के एक दिन बाद दिया है कि राजग में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार हो गया है और हम को राज्य की 40 सीटों में से केवल एक सीट मिलने की संभावना है। एक दिन पहले दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद लगायी जा रही अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सुमन ने पत्रकारों से कहा कि वे ऐसी अपुष्ट खबरों विश्वास नहीं करते। उन्होंने कहा कि हम सभी से बिहार में राजग सीट बंटवारे पर औपचारिक घोषणा की प्रतीक्षा करने का आग्रह करेंगे। मीडिया के एक वर्ग में आयी खबरों के अनुसार भाजपा और जदयू क्रमशः 17 और 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जबकि चिराग को पांच सीटें दी गई हैं जिसमें हाजीपुर लोकसभा सीट भी शामिल है, जो उनके दिवंगत पिता राम विलास पासवान का गढ़ माना जाता है। वर्तमान में यह सीट चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के पास है। मांझी की हम और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट दिए जाने की उम्मीद है। सुमन से गया सीट पर उनकी पार्टी के दावे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने कई जगहों पर अपना कैडर बनाया है, हालांकि गया का एक विशेष स्थान है और प्रबल इच्छा है कि ''हम'' कार्यकर्ता को इस सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए।

## भारत में घटी लैंगिक असमानता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** देश में लैंगिक असमानता में गिरावट आ रही है और वैश्विक लैंगिक असमानता सूचकांक 2022 में भारत 14 पायदान की छलांग लगा कर 108 वें स्थान पर आ गया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम- यूएनडीपी की एक रिपोर्ट मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 के सूचकांक में भारत में लैंगिक असमानता में गिरावट दर्शायी गयी है। यूएनडीपी ने लैंगिक असमानता सूचकांक 2022 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में से 108वें स्थान पर है। लैंगिक असमानता सूचकांक 2021 में भारत 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में से 122वें स्थान पर रहा। मंत्रालय ने कहा है कि यह जीआईआई 2021 की तुलना में जीआईआई 2022 में 14 पायदान की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की वरीयता लगातार बेहतर हुई है, जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। वर्ष 2014 में यह रैंक 127 थी, जो अब 108 हो गई है. मंत्रालय के अनुसार यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य से नीतिगत सुधारों से महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित निर्णायक एजेंडे का परिणाम है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने मारे कुरियर कंपनी पर छापे

**चेन्नई/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को शहर के कई स्थानों पर छापे मारे जिसमें एक मशहूर कुरियर कंपनी का कार्यालय भी शामिल है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारी शहर और उसके आसपास के लगभग 10 स्थानों पर छापे मार रहे हैं। सूत्रों ने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी।

## यूनिकॉर्न कंपनियां 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर जोड़ेंगी, पांच करोड़ रोजगार भी देंगी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** नई यूनिकॉर्न कंपनियों से भारतीय अर्थव्यवस्था में एक लाख करोड़ डॉलर जुड़ने की संभावना है और ये कंपनियां पांच करोड़ नए रोजगार के अवसर भी मुहैया कराएंगी। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। यह रिपोर्ट मैकिंजी एंड कंपनी के सहयोग से तैयार की गई है। एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाली स्टार्टअप कंपनियों को 'यूनिकॉर्न' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। सीआईआई की रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2029-30 तक भारत की अर्थव्यवस्था सात लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने और उसमें स्टार्टअप कंपनियों का योगदान एक लाख करोड़ डॉलर होने की कल्पना की गई है। इससे देश में पांच करोड़ से अधिक रोजगार अवसर पैदा होंगे। रिपोर्ट कहती है कि खुदरा और ई-कॉमर्स, अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण और सॉफ्टवेयर सेवा एवं डिजिटल जैसे क्षेत्र आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर वृद्धि को गति देने के लिए तैयार हैं। भारत में पहली बार किसी प्रौद्योगिकी-आधारित कंपनी को यूनिकॉर्न का दर्जा 2011 में मिला था। एक दशक में ही भारत ने 100 यूनिकॉर्न का आंकड़ा पार कर लिया है। जनवरी, 2024 तक मौजूद 113 यूनिकॉर्न कंपनियों का संयुक्त मूल्यांकन 350 अरब डॉलर है।

## बैंक खाते जब्त करना कठोर कार्रवाई, तय प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए: उच्च न्यायालय

**मुंबई/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि बैंक खातों की अंतरिम जब्ती एक ''कठोर'' कार्रवाई है और अधिकारियों को ऐसा आदेश जारी करते समय तय प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने सीमा शुल्क विभाग के 2022 के आदेश के खिलाफ सोने के व्यापार से जुड़ी तीन फर्म द्वारा दायर याचिकाओं पर 12 मार्च को जारी अपने फैसले में कहा कि ऐसे प्रावधानों का उद्देश्य पूर्वाग्रह से की गई कार्रवाई करना नहीं है।

विभाग ने सोने की तस्करी की जांच के सिलसिले में चोकसी अरविंद ज्वेलर्स, पल्लव गोल्ड और मैक्सिस बुलियन के परिसरों की तलाशी के बाद उनके खातों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का निर्देश दिया था। कंपनियों के वकील सुजय कांतवाला ने दलील दी कि सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110(5) के तहत आवश्यक है कि ऐसे आदेश लिखित रूप में पारित किए जाएं और कारण बताए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दावा किया कि उन्हें कुर्की के बारे में सूचित नहीं किया गया था और विभाग ने इस संबंध में सीधे बैंकों को आदेश भेज दिए। उच्च न्यायालय ने माना कि कार्रवाई अवैध थी, क्योंकि सीमा शुल्क अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

## खनिज पर रॉयल्टी कर है या नहीं, उच्चतम न्यायालय का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने खनिजों पर देय रॉयल्टी को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कर मानने और इसकी वसूली का अधिकार केंद्र के साथ राज्यों को भी होने के विवादास्पद मुद्दे पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने विभिन्न राज्य सरकारों, खनन कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा दायर 86 अपीलों के एक समूह से निपटते हुए आठ दिन तक सभी पक्षों की दलीलें सुनीं।

पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा था कि संविधान खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति न केवल संसद को बल्कि राज्यों को भी देता है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा था कि खनिजों पर कर लगाने के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने दलील दी थी कि केंद्र के पास खानों और खनिजों पर कर लगाने के संबंध में अत्यधिक शक्तियां हैं। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआरए) की पूरी संरचना खनिजों पर कर लगाने की राज्यों की विधायी शक्ति पर सीमा लगाती है और कानून के तहत केंद्र सरकार को ही रॉयल्टी तय करने का अधिकार है।

# क्वालकॉम औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, 6जी प्रयोगशालाओं के लिए रूपरेखा बनाने पर सहमत : अश्विनी वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** स्मार्टफोन प्रोसेसर विनिर्माता क्वालकॉम और केंद्र ने औद्योगिक, वाहन और दूरसंचार से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक्स के विकास के लिए एक रूपरेखा बनाने के लिए साझेदारी पर सहमति जताई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा कि अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम 100 5जी प्रयोगशालाओं की तर्ज पर 6जी प्रयोगशालाएं भी स्थापित करने पर सहमत हुई है।

इन प्रयोगशालाओं को केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से देश में स्थापित किया गया है। वैष्णव ने यहां क्वालकॉम इंक के चेन्नई डिजाइन सेंटर



का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। इस केंद्र को 177.27 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) गलियारे के नाम से मशहूर पुराने महाबलीपुरम मार्ग पर स्थित यह केंद्र वाई-फाई प्रौद्योगिकियों के पूरक नवाचारों पर ध्यान देने के साथ वायरलेस संपर्क समाधानों में भी विशेषज्ञता हासिल करेगा।

वैष्णव ने क्वालकॉम डिजाइन केंद्र का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''इस केंद्र से लगभग 1,600 प्रतिभाशाली सेमीकंडक्टर डिज़ाइन टीमें जुड़ेंगी। तमिलनाडु शानदार प्रतिभाओं वाला राज्य है। इसने बहुत सारी अच्छी तकनीकें बनाई हैं और आज का क्वालकॉम डिज़ाइन सेंटर मील का एक और पत्थर है।''

उन्होंने कहा कि इस केंद्र में सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े समूचे काम को अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण भारत में सेमीकंडक्टर की एक संपूर्ण मूल्य शृंखला विकसित करना है जहां डिजाइन, निर्माण और असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग सभी सुविधाएं हों।

# व्यवसायिक सूचना पट्टों पर अब कन्नड़ को मिल रही प्रमुखता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** देश में प्रौद्योगिकी केंद्र के तौर पर अग्रणी शहर बेंगलूरु में जब आप जाएंगे तो सबसे पहले आपका ध्यान स्थानीय भाषा कन्नड़ को व्यावसायिक सूचना पट्ट पर मिलने वाली प्रमुखता की ओर जाता है। यह ज्यादा पुरानी बात नहीं जब सूचना पट्ट पर अंग्रेजी में जानकारी का बोलबाला था, लेकिन एक सरकारी निर्देश के बाद अब स्थितियों में काफी बदलाव आया है।

व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के सूचना पट्ट में कन्नड़ के 60 प्रतिशत उपयोग का अनुपालन करने की समय सीमा समाप्त होने के साथ, शहर में अधिकांश सूचना पट्ट पर इसका अनुपालन होता नजर आ रहा है। कई लोग तो अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये अस्थायी व्यवस्था भी कर रहे हैं। व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के सूचना पट्ट में कन्नड़ के 60 प्रतिशत उपयोग को अनिवार्य करने वाला एक विधेयक फरवरी में कर्नाटक विधानसभा द्वारा पारित किया गया था और सरकार ने चेतावनी दी थी कि इसका अनुपालन न करने पर व्यवसायों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। शहर में अब जुर्माने और अन्य दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिये लोग अस्थायी बोर्ड या बैनर अथवा स्टीकर से उन सभी पुराने बोर्ड को ढंक रहे हैं जो नए नियमों के अनुरूप नहीं हैं। कई कारोबारियों ने हालांकि कहा कि नए सूचना पट्ट की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है इसकी वजह से अस्थायी उपाय करने पड़ रहे हैं। बेंगलूरु के नागरिक निकाय, बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका ने पहले शहर की सीमा में व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के सूचना पट्ट में 60 प्रतिशत कन्नड़ के उपयोग का अनुपालन करने के लिए 28 फरवरी की समय सीमा तय की थी। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने हालांकि समय सीमा दो सप्ताह बढ़ा दी थी।

## बेंगलूरु में आभूषणों की दुकान में लूट की कोशिश के दौरान गोलीबारी, दो घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु के कोडिगेहल्ली इलाके में बृहस्पतिवार को कुछ अज्ञात हमलावर आभूषणों की एक दुकान में घुस गए और जब उसके मालिक और कर्मचारियों ने लूट की कोशिश का विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्तौल से गोलियां चला दीं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि लुटेरे दो मोटरसाइकिलों पर आए और तीन गोलियां चलाईं, जिसमें दो लोग घायल हो गए। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में दर्ज हो गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने कहा कि आभूषणों की यह छोटी सी दुकान बेहद अंदरूनी इलाके में स्थित है।

पुलिस आयुक्त ने कहा, '' चार लोगों ने आकर दुकान में लूटपाट करने की कोशिश की है। जब दुकान के मालिक और उसके कर्मचारियों ने विरोध किया तो हमलावरों ने दो-तीन गोलियां चलाईं। इसमें दो लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। दोषियों को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। '' पुलिस ने कहा कि हमलावरों की पहचान करने और घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए दुकान और उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस मामले में विस्तृत जांच जारी है।

# बेंगलूरु को ''बिन पानी सब सून'' होने से बचाने के लिए अभिनव तरीके निकाल रहे हैं लोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत की प्रौद्योगिकी राजधानी बेंगलूरु में भीषण जल संकट से निपटने के लिए वहां के नागरिक घर से ही काम करने से लेकर एक दिन छोड़कर एक दिन स्नान करने, सप्ताह में दो दिन बाहर से भोजन मंगाने, डिस्पोजेबल बर्तनों का प्रयोग करने जैसे तमाम अभिनव उपाय कर रहे हैं।

जल संकट बेंगलूरुवासियों विशेषकर व्हाइटफील्ड, केआर पुरम, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, आरआर नगर, केंगेरी और सीवी रमन नगर में रहने वाले लोगों के लिए चिंता का एक गंभीर विषय बन गया है। जल संचयन सुविधाओं वाले ऊंचे-ऊंचे अपार्टमेंट में रहने वाले लोग भी अब पेयजल के लिए पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। ऐसे में कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए हैं।

बेंगलूरु में स्थित भोजनालय पानी के अधिक उपयोग से बचने के लिए डिस्पोजेबल कप, गिलास और प्लेटों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहे हैं। बेंगलूरु में गहराए जल सकंट को लेकर कई विद्यालय और बिल्डिंग एसोसिएशन 'बारिश नहीं तो पानी नहीं', 'हर जगह पानी ही पानी लेकिन पीने के लिए एक बूंद भी नहीं', 'पानी का संरक्षण करें' जैसे कई तरह से पोस्टरों के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात रख रहे हैं। जल संकट के कारण शहर के एक कोचिंग सेंटर ने हाल में अपने छात्रों को एक सप्ताह के लिए ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई करने के लिए कहा है। इसी तरह बन्नेरघट्टा रोड पर एक विद्यालय भी बंद कर दिया गया उन्होंने भी छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई करने के लिए कहा है, जैसा कि वे कोविड महामारी के दौरान करते थे। केआर पुरम में रह रहे कुछ निवासी वैकल्पिक दिनों में स्नान कर रहे हैं, घर पर खाना पकाने के बजाय सप्ताह में दो बार खाना ऑर्डर कर रहे हैं और अपने किरायेदारों पर पानी के उपयोग पर कई तरह की पाबंदी लगायी गयी है। लोगों का कहना है कि उन्हें टैंकर के पानी के लिए अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि सरकार ने दरें तय कर दी हैं।

केआर पुरम की निवासी सुजाता ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है ऐसे में रोजाना स्नान किए बिना नहीं रहा जा सकता है, लेकिन उनके पास वैकल्पिक दिनों में स्नान करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा, ''हम क्या करें? मेरे स्कूल जाने वाले दो बच्चे हैं, साथ ही हमें घर का काम भी करना होता है। बर्तन साफ़ करें, खाना पकाएं, कपड़े धोएं...इसलिए, हमने कागज की प्लेटों का उपयोग करना शुरू कर दिया है, इस तरह हमने अपने पानी के उपयोग में कटौती कर दी है और हम सप्ताह में दो बार खाना ऑर्डर करते हैं।'' शहर में व्याप्त जल सकंट के कारण हुई लोगों की दुर्दशा के लिए पिछले साल हुई कम बारिश को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

केंगेरी के एक अपार्टमेंट में रहने वाली गृहिणी शोभा ने कहा, ''हमारे अपार्टमेंट में वर्षा जल संचयन की सुविधाएं हैं, लेकिन पिछले बारिश कम हुई इसलिए सुविधा होने के बावजूद हम पानी जमा नहीं कर पाए। अब बिल्डिंग एसोसिएशन ने हमें पानी का सही तरीके से उपयोग करने के लिए कहा है। अब हमें एक निर्दिष्ट अंतराल पर पानी का उपयोग करना है।'' सिंगसांद्रा में रहने वाली एक आईटी पेशेवर लक्ष्मी वी ने अपनी कंपनी से घर से काम करने की अनुमति देने के लिए कहा है जिससे वह और उनका परिवार बेंगलूरु में स्थिति बेहतर होने तक अस्थायी रूप से तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में अपने मूल स्थान पर स्थानांतरित हो सकें। जल संकट के बारे में बच्चों को जागरूक करने और शिक्षित करने के लिए भवन निर्माण संघों और स्कूलों ने अपने परिसरों में पोस्टर लगाना शुरू कर दिया है, जिसमें वह जल संरक्षण के जरूरी उपायों में बारे में जानकारी दे रहे हैं। केआर पुरम और व्हाइटफील्ड के कुछ निवासियों ने कहा कि वे 24 घंटे पानी की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानांतरित होने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, शहर के कुछ मॉल ने जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में दुकानों और इमारत के कर्मचारियों को आपात स्थिति में अपने शौचालयों का उपयोग करने की सुविधा दी है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला, डेटा सेंध सबसे प्रमुख जोखिम : सर्वे

**नई दिल्ली/भाषा।** साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूपीआई, आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है। सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। व्यापार में रुकावट और शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने या बनाए रखने में विफलता को भारत में संगठनों के सामने आने वाले क्रमशः दूसरे और तीसरे सबसे बड़े जोखिम के रूप में चिह्नित किया गया था।

## प्रधानमंत्री को लेकर 'धमकी भरी' टिप्पणी के लिए तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टी एम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत के आधार पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है। उन्होंने दक्षिणी राज्य में एक जनसभा में यह कथित टिप्पणी की।

प्राथमिकी में कहा गया है, अनबरसन का धमकी भरा बयान न केवल चिंताजनक है और हमारे प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए अहम खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि शर्मनाक भी है और जानबूझकर हमारे देश की शांति और स्थिरता को प्रभावित करने और हिंसा भड़काने के लिए दिया गया है। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 505 ( सार्वजनिक शरारत करने वाले बयान), 506 (आपराधिक धमकी) समेत अन्य धाराओं में दर्ज की गई है।

इसमें यह भी कहा गया है कि अनबरसन की टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है।



## ईश्वरप्पा ने बेटे को हावेरी से प्रत्याशी घोषित नहीं किये जाने के लिए येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया

**शिवमोगा/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता के. एस. ईश्वरप्पा ने अपने बेटे के. ई. कांतेश को हावेरी सीट से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का टिकट नहीं दिए जाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ईश्वरप्पा (75) ने आरोप लगाया कि भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य येदियुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट का आश्वासन और उनके लिए चुनाव प्रचार का वादा किया था, लेकिन, येदियुरप्पा ने उन्हें धोखा दिया है।

भाजपा ने बुधवार को हावेरी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी। ईश्वरप्पा ने कहा कि येदियुरप्पा ने सुनिश्चित किया कि बोम्मई और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट मिले, 'न कि उनके बेटे को'। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा ने कहा कि उनके समर्थक और शुभचिंतक उन पर शिवमोगा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को यहां अपने समर्थकों के साथ एक बैठक बुलाई है जिसके बाद वह अपने अगले कदम पर फैसला करेंगे। भाजपा ने येदियुरप्पा के बेटे और मौजूदा सांसद बी वाई राघवेंद्र को फिर से शिवमोगा से मैदान में उतारा है। ईश्वरप्पा ने कहा कि वह पिछले 40 वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कट्टर समर्थक हैं।

## ईडी ने पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत की संपत्तियां कुर्क कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधी कानून के प्रावधानों के तहत कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता और पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत और उनके बेटों की 4.58 करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति अंतरिम रूप से कुर्क की है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उसकी जांच में पाया गया कि धर्मसोत ने एक मार्च 2016 और 31 मार्च 2022 के दौरान अपने एवं अपने बेटों के नाम पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक की संपत्ति अर्जित की। इस अवधि के दौरान वह पंजाब में वन मंत्री थे।

बयान में कहा गया कि ईडी की जालंधर इकाई ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 13 मार्च को धर्मसोत और उनके बेटों की स्वामित्व वाली 4.58 करोड़ रुपए की संपत्तियां अंतरिम रूप से कुर्क कीं। ईडी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत पंजाब सतर्कता ब्यूरो द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। ईडी ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र पर हो रहा है हमला, लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण: डी राजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी. राजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पराजित किया जाना जरूरी है।

राजा ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में इस सुझाव को खारिज कर दिया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आगामी आम चुनाव पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की भगवान राम के बारे में समझ लोगों की समझ से अलग है। उन्होंने भाजपा के 'मोदी की गारंटी' नारे को भी खारिज कर दिया और इसे चुनावी लाभ पाने के लिए एक नारा और ''जुमला'' करार दिया।


राजा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को नौकरियां देने, कालाधन वापस लाने और महंगाई से निपटने के अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 2024 का लोकसभा चुनाव देश और उसके भविष्य के लिए बहुत बहुत महत्वपूर्ण हैं। पिछले 10 वर्ष में हमने जो देखा वह एक विनाशकारी शासन रहा है... मोदी ने 'अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार' का दावा किया था, लेकिन शासन न्यूनतम, यहां तक कि शून्य से भी कम हो गया है। भाकपा महासचिव ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र ख़तरे में है और संसद निरर्थक होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान 140 से अधिक सांसदों को संसद से निलंबित कर देना 'अभूतपूर्व' था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का बुनियादी मकसद यह है कि ''भारतीय लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को पराजित किया जाए।

राजा का कहना था, इस तरह हम इस चुनाव को देखते हैं। यह चुनाव इस देश और इसके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें उम्मीद है कि लोग देश, संविधान, लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान करेंगे और भाजपा को सत्ता से हटा देंगे। भाकपा नेता ने बाबासाहेब बीआर आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा कि संसद देश के लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था है। उन्होंने कहा, संसद लोगों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है। वास्तव में संसद विपक्ष की है, क्योंकि विपक्ष को सरकार और उसकी नीतियों पर सवाल उठाना होता है। राजा के मुताबिक, अगर संसद का कोई मतलब नहीं रह जाता, तो लोकतंत्र खत्म हो जाता है। आज हम भारत में यही देख रहे हैं कि धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा-आरएसएस गठबंधन संविधान को ही नष्ट कर रहा है। वे भारतीय राष्ट्र को फिर से परिभाषित करने, भारतीय इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत को कैसे बचाया जाए, संविधान, लोकतंत्र, समाज के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ढांचे को कैसे बचाया जाए, शासन की संघीय प्रणाली को कैसे सुरक्षित रखा जाए?'' राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संदर्भ में राजा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसका (चुनाव पर) कोई असर होने वाला है।

## निर्वाचन आयोग कर्नाटक में प्रलोभन-मुक्त लोकसभा चुनाव कराने पर ध्यान केंद्रित करेगा : शीर्ष अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने बुधवार को कहा कि राज्य में प्रलोभन-मुक्त लोकसभा चुनाव कराने और स्टार प्रचारकों पर कड़ी निगरानी रखने तथा पूरी प्रक्रिया में समान अवसर सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि दक्षिणी राज्यों को चुनाव प्रक्रिया में बाहुबल से कहीं अधिक प्रलोभन के मुद्दे का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान प्रलोभन-मुक्त और निष्पक्ष



चुनाव कराने पर है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रयास और टीम लगाएंगे कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण हों। उन्होंने कहा हमारे पास केंद्र और राज्य सरकार की लगभग 14 प्रवर्तन एजेंसी हैं जो हर चीज पर नजर रखेंगी। हमने छह महीने पहले आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा शुल्क, राजस्व खुफिया निदेशक, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, उत्पाद शुल्क... के साथ इसकी शुरुआत की थी।'' उन्होंने कहा, ''इसके तहत इस बात पर नज़र रखी जा रही है कि पैसा, मादक पदार्थ, शराब कहां दी जा रही है... इसके सरगना कौन हैं और इसे कहां रखा जा रहा है। हम उनकी (राजनीतिक दलों) निगरानी कर रहे हैं।''

मीणा ने यह भी कहा कि पिछले महीने से ही निर्वाचन आयोग (ईसी) के अधिकारियों ने सभी 172 अंतरराज्यीय पुलिस और लगभग 60 उत्पाद शुल्क जांच चौकियों पर सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि वहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की व्यापक जांच की जा रही है तथा इस बात पर नजर रखी जा रही है कि पड़ोसी राज्यों से नकदी, मादक पदार्थ या शराब तो नहीं आ रही है।



# दवा के लिए कैंसर रोगियों को नहीं हो कोई परेशानी : नेहा गिरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन (आरएमएससीएल) की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने गुरूवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में संचालित राजस्थान कैंसर इंस्टीट्यूट के निःशुल्क दवा वितरण केंद्रों एवं औषधि भण्डार गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का सामना कर रहे रोगियों को दवाओं की उपलब्धता को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं हो। दवा वितरण केंद्रों पर कैंसर की सभी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

श्रीमती नेहा गिरि ने निरीक्षण के दौरान औषधियों की एक्सपायरी डेट, दवाओं को स्टोरेज करने की व्यवस्था एवं वितरण प्रक्रिया का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने ओपीडी दवा काउंटर पर कैंसर के उपचार में उपयोग की जाने वाली सभी आवश्यक औषधियों की सूची प्रदर्शित करने और ई-औषधि सॉफ्टवेयर में एक माह से कम स्टॉक वाली औषधियों का इंद्राज करने के निर्देश दिये। उन्होंने इंस्टीट्यूट के ओपीडी दवा वितरण केन्द्रों के साथ ही एनआरडी आईपीडी दवा काउंटर एवं सब-स्टोर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि विभागाध्यक्ष को कैंसर उपचार में उपयोग आने वाली सभी 644 औषधि, सर्जिकल एवं सूचर्स की सूची उपलब्ध करवायी जायेगी, ताकि मरीजों को प्रभावी उपचार मिल सके। उन्होंने दवाइयों के प्रबंधन और कैंसर स्क्रीनिंग इत्यादि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने नियमित अंतराल में दवा केन्द्रों का निरीक्षण करने और आवश्यक औषधियों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने रोगियों व उनके परिजनों से दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के बारे में फीडबैक भी लिया। श्रीमती गिरि ने दवाओं के साथ ही अस्पताल उपलब्ध करवाए गए जांच उपकरणों के बारे में भी जानकारी ली और उनका नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवा वितरण, भण्डारण एवं कार्मिकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के मेडिकल ऑन्कोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप जसूजा, आरएमएससीएल की कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ0 कल्पना व्यास, मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्या प्रकाश मीना सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में तीन महिलाओं सहित चार की मौत

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा एक ट्रक और कार के बीच टक्कर के कारण हुआ। हादसा आज सुबह रावतसर कस्बे के पास हुआ। कार में सवार लोग रावतसर के खेत्रपाल मंदिर में पूजा करने जा रहे थे।

रावतसर के थाना प्रभारी वेदपाल ने कहा, प्रथम दृष्टया लगता है कि ओवरटेक करते समय कार चालक को झपकी आ गई। चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सभी खेत्रपाल मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान चूरू जिले की रहने वाली विमला (55), उनकी बेटी रचना (23), मंजू और मंसाराम प्रजापत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

## सरकार ने सात आईपीएस के तबादले किए

जयपुर। राजस्थान सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों के तबादले किए हैं जिसके तहत पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। राज्य के कार्मिक विभाग ने बुधवार देर रात इस बारे में आदेश जारी किया। इसके तहत डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बालोतरा, करौली और धौलपुर के जिला पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं।

बालोतरा के पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह को पुलिस अधीक्षक (सीआईडी) जयपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह डूंगरपुर के पुलिस अधीक्षक आईपीएस श्याम सिंह को पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जयपुर नियुक्त किया गया है।



# कला एवं सांस्कृतिक आयोजनों से रविन्द्र मंच को करेंगे पुनर्जीवित : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि रविंद्र रंगमंच हमारी विरासत का अभिन्न हिस्सा है और इसके आधुनिकीकरण करने के साथ ही कला और संस्कृति के बड़े आयोजन कर इसकी शानदार विरासत को पुनर्जीवित किया जाएगा। श्रीमती दीया कुमारी ने गुरुवार को जयपुर के रामनिवास बाग स्थित रविंद्र मंच पर चल रहे रंग उत्सव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि रविन्द्र मंच की एक शानदार विरासत रही है किन्तु अब यहां वो रौनक नज़र नहीं आती जो पहले कभी हुआ करती थी। यहां कि ढाचागत व्यवस्थाओं का नवीनकरण किया जाना आवश्यक है। जिससे यहां भव्य रूप से कला संस्कृति के आयोजन हो तथा रंग मंच की शानदार विरासत पुनर्जीवित हो सके। यहां पर लोकल कलाकारों को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे विभिन कलाओं का नियमित रूप से मंच प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए रंग मंच का आधुनिकीकरण किया जाएगा। अगली बार यहां रंग उत्सव जैंसे बड़े स्तर पर आयोजन किए जाने का ङ्क्रम निरन्तर जारी रखने के प्रयास किए जाएंगे।

श्रीमती दीया कुमारी ने इस रंग उत्वस में लगी स्टॉल्स रंग उत्सव में पारंपरिक कलाओं के विभिन्न उत्पादों की कलात्मक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होनं प्रदर्शनी की विभिन्न स्टॉल्स में कठपुतलियां, हाथी घोड़े के खिलौने, ब्लू पॉटरी का सामान, अन्य कई कलात्मक आकर्षक उत्पाद देखें। चित्रकारी करते हुए चित्रकार, कच्ची मिट्टी से चाक पर मिट्टी के बर्तन कुम्हार, कैलीग्राफी की स्टॉल देखी और कलाकार की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने रविन्द्र मंत्र भवन का अवलनोकन कर प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और रविन्द्र मंच की प्रबंधक सोविला माथुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने बाइस्कोप देखा तथा अन्य कला कृतियों को देखकर उनकी प्रशंसा करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर श्रीमती राठौड़ ने रंग उत्सव को जयपुर के इस सांस्कृतिक विरासत केन्द्र रविन्द्र मंच की ओर जयपुर वासियों को फिर से जोड़ने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रंग उत्सव रविंद्र मंच को विजुअल आर्ट से जोड़ने का प्रयास है।

आने वाले समय में यहां पर बड़े सांस्कृतिक आयोजन करने के प्रयास किए जाएंगे। स्थानीय कला और कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने के प्रयास भी किए जाएंगे। इस अवसर पर आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल भी मौजूद थीं। कलाकारों ने इस अवसर पर कलात्मक प्रस्तुति दी। जिसमें गणेश वंदना के साथ नवोदित कलाकारों द्वारा किए गए कत्थक नृत्य की मोहक प्रस्तुति की सराहना की गई।

## कर्ज में डूबे ठेकेदार ने परिवार सहित सेवन किया विषाक्त

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के अलवरगेट थाना क्षेत्र के कल्याणीपुरा में रहने वाले एक ठेकेदार ने आत्महत्या करने के लिये परिवार सहित विषाक्त का सेवन कर लिया। पुत्री ने पुलिस को सूचित कर दिया तो जान जाने से पहले उपचार शुरू हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात ठेकेदार राकेश कुड़िया (40) ने पत्नी ज्योति कुड़िया (35) एवं तीन बच्चों के साथ दूध में मिलाकर विषाक्त का सेवन कर लिया , लेकिन उसकी

14 वर्षीय पुत्री अनोखी ने सूझबूझ का परिचय देते हुये स्वयं तो दूध नहीं लिया बल्कि पुलिस को 100 नंबर पर सूचना दे दी। रात में ही अलवरगेट थाने को कन्ट्रोल से सूचना मिलने पर जाप्ते सहित पुलिस मौके पर आ गयी और समय रहते सभी को उपचार के लिये जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया , जहां सभी उपचारत हैं।

## ई-मित्र संचालक ने बैंक एटीएम मशीन के पास लावारिस मिले 10 लाख रुपए वापस लौटाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के चूरू जिले में एक ई-मित्र संचालक ने एटीएम मशीन में लावारिस अवस्था में मिले 10 लाख रुपए लौटा दिये। पुलिस ने ई मित्र संचालक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूरू के रैगर बस्ती निवासी ई-मित्र संचालक बालकिशन रसगनिया को पीएनबी बैंक के एटीएम मशीन के पास लावारिस अवस्था में मिले 10 लाख रुपए लौटा दिये। चूरू के पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बृहस्पतिवार को रसगनिया को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस अधिकारी जय यादव ने बताया कि बुधवार को ई-मित्र संचालक बालकिशन रसगनिया कैश जमा कराने पीएनबी के एटीएम मशीन रूम में गए थे। तब उनकी नजर एटीएम मशीन के ऊपर रखे पैकेट पर गई, जिसमें 500 रुपये की 10 गड्डियों के दो पैकेट दिखे। उन्होंने बताया कि बिना समय गंवाए बालकिशन तुरंत बैंक मैनेजर महेश मेहता के पास गए और उन्हें पूरी घटना बताई। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, तो पता चला कि 10 लाख रुपए की यह रकम चूरू के वाहिद अली का है। कुछ ही घंटों में वाहिद अली भी घबराया हुआ बैंक पहुंच गया और बैंक मैनेजर ने वाहिद के दस्तावेज देख रकम उन्हें लौटा दी।

# 'आओ बूथ चलें' अभियान 17 को : प्रवीण गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा आम चुनाव- 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की पहल पर व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया के तहत 17 मार्च को राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर राज्य के सभी 51756 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम, क्रमांक एवं मतदान केन्द्र आदि के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु 17 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से सांयः 6.00 बजे तक विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम खोजने के अभियान के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारियों (इड्ज)/सुपरवाईजरों एवं विभिन्न विभागों के बूथ स्तरीय कार्मिक प्रातः 11.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे एवं मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम, मतदान केन्द्र, ई-इपिक डाउनलोड करने एवं सी-विजिल एप का प्रयोग करने संबंधी जानकारी प्रदान करेगें।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के विशेष अभियान के दौरान मतदाता एप्स यथा- वीएचए, ईसीआई-सक्षम, केवाईसी, सी-विजिल, 1950 आदि विभिन्न मतदाता जागरूकता पोस्टर्स का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप (तक-) से मतदाता सूची में अपना नाम देखने के बारे में क्रपवी-प प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। दिव्यांगजन मतदाताओं की पीडब्ल्यूडी फ्लैगिंग कर उन्हें मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा व्हीलचेयर व परिवहन सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जायेगी।

गुप्ता ने बताया कि यदि 18 वर्ष या अधिक आयु के किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से रह गया है तो अभी भी अपना नाम वोटर हेल्पलाइन एप अथवा मतदान केन्द्र पर उपस्थित बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। 1 अप्रेल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता उम्मीदवार के नामांकन की वापसी की अन्तिम दिनांक से 10 दिवस पूर्व तक भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाता है तो वह लोकसभा चुनाव-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के बैठने, पीने के पानी, छाया एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता पहचान पत्र के अलावा मतदान केन्द्र में प्रस्तुत किए जा सकने वाले 12 दस्तावेज का पोस्टर मतदान केन्द्रों के बाहर आवश्यक रूप से लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाता जागरूकता के संदेशों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने स्टेट आइकन के रिकॉर्डेड संदेशों का प्रसारण सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा किया जाए। साथ ही निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार कराया जाये।

गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनावों के दौरान शहरी मतदाताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के अपेक्षाकृत मतदान प्रतिशत कम रहा, इस शहरी उदासीनता (अर्बन एपेथी) को दूर करने के लिए सघन कार्य योजना बनाकर केन्द्रित एवं विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। इन प्रयासों के अंतर्गत बैंक शाखाओं एवं डाकघरों के माध्यम से मतदाता जागरूकता प्रचार-प्रसार करने के साथ ही विभिन्न जिलों में कार्यरत व्यापारिक, शैक्षणिक, औद्योगिक संघों, व्यापार मंडलों, एवं लॉयन्स कल्ब, रॉटरी क्लब, एवं विभिन्न केन्द्रों के स्थानीय संगठनों के पदाधिकारियों को इस प्रक्रिया से जोड़ते हुए समुचित प्रयास किया जाए। इनके माध्यम से मतदान दिवस पर कार्मिकों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश के वैधानिक प्रावधान की भी जानकारी दी जाए।

## कुशलक्षेम



जयपुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती प्रदेश के पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटा राम देवासी की कुशलक्षेम पूछी। शर्मा ने चिकित्सकों से देवासी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।



## अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुड गवर्नेन्स का बेहतरीन मॉडल स्थापित करने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

शासन और प्रशासन के अधिकारी जन समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## होली पर मिलेगा अतिरिक्त पानी, गर्मी में सुधरेगी जलापूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जलदाय विभाग को निर्देश दिए हैं कि होली के त्यौहार पर पूरे अजमेर शहर में 15-20 मिनट अतिरिक्त पानी सप्लाई किया जाए। इसके साथ ही गर्मियों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अमृत-2 योजना शहर की जलापूर्ति में क्रांतिकारी सुखद परिवर्तन लाएगी। प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त और पूरे प्रेशर से जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

देवनानी ने गुरूवार को अजमेर शहर के कुंदन नगर क्षेत्र में 2.80 करोड़ रूपए लागत से नई डी.आई. पाइप लाइन बिछाने के काम का गणेश किया। करीब ढाई किलोमीटर इस लाइन में सीमेंट पाइप लाइन के बजाए नई लाइन डाली जा रही है। नई लाइन से बार-बार लीकेज की समस्या से छुटकारा मिलेगा, प्रेशर से पानी आएगा और हजारों लोगों को सीधे फायदा होगा।

देवनानी ने बताया कि होली के त्यौहार को देखते हुए जलदाय विभाग को निर्देशित किया गया है कि शहर में अतिरिक्त पानी की सप्लाई करे। सभी क्षेत्रों में 15-20 मिनट अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। इसी तरह गर्मियों में भी इस बार पेयजल की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जलापूर्ति सुधारने के साथ ही कंटींजेंसी प्लान भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही फॉयसागर झील से भी पानी लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अमृत-2 योजना अजमेर की पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए वरदान बनेगी। योजना के प्रस्ताव नए सिरे से तैयार किए जा रहे हैं। करीब 186 करोड़ की इस योजना से शहर में अंतिम छोर तक पूरे प्रेशर से जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। योजना का काम अब आरयूआईडीपी के बजाए जलदाय विभाग कराएगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में सभी जगह पूरे प्रेशर के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योजना का खाका तैयार किया जा रहा है। अमृत-2 योजना में इस तरह संसाधनों का निर्माण एवं वर्गीकरण किया जाएगा कि अंतिम छोर तक पानी पहुंच सके। योजना के तहत भूतल एवं उच्च जलाशय प्रत्येक क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा जा रहे हैं। नई पाइप लाइन भी पूरे नियमों और उचित ढाल के अनुरूप डाली जाएगी। देवनानी ने कहा कि पेयजल आपूर्ति का खाका इस तरह तैयार किया जा रहा कि प्रत्येक क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। फॉयसागर से जो पानी लिया जाएगा। उसे समान रूप से वितरित करने की व्यवस्था की जाएगी। इस

29 करोड़ रूपए के पुराने प्रस्ताव भी शामिल किए गए हैं। इसमें नई पाइप लाइन, पम्प, टंकी आदि शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र में 20 नए हैण्डपम्प और 5 नलकूप भी खोदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा गया है कि शहर में लीकेज को तुरन्त सुधारा जाए। जलापूर्ति के समय सभी स्तर के अधिकारी स्वयं पेट्रोलिंग करे ताकि यह पता लगे कि लीकेज कहा है। लीकेज का पता लगता ही उन्हें तुरन्त सुधार लिया जाए। इसी तरह अधिकारी शहर के अंतिम छोर पर भी जलापूर्ति के समय जाएं और देखे कि पानी का प्रेशर कितना आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तुरन्त तैयार कर पेयजल की आपूर्ति करवाई जाएगी। अवैध कनेक्शनों की जांच कर उन्हें कटवाया जा रहे है।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत आज जल संसाधन सूचना पोर्टल का करेंगे लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शुक्रवार, 15 मार्च को जयपुर स्थित सिंचाई भवन में राज्य जल संसाधन प्रणाली डैशबोर्ड का लोकार्पण करेगे। यह पोर्टल भारत सरकार की राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना (एन.एच.पी.) के अंतर्गत जल संसाधन एवं भूजल विभाग राजस्थान द्वारा निर्मित किया गया है।

रावत ने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य देश-प्रदेश के जल संसाधनों का सतत व



बेहतर प्रबंधन करना है। जल संसाधन सूचना पोर्टल द्वारा जल संसाधन सम्बंधित आंकड़ों को पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इसकी सहायता से कृषकों को पानी की उपलब्धता की सही जानकारी समय पर मिल पायेगी जिससे वे सही समय पर उचित निर्णय ले पायेंगे। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि उक्त प्रणाली से विभिन्न बांधो, भूजल, तापमान, वर्षा, जल भराव आदि का रियल टाइम डेटा उपलब्ध होगा एवं पुराने रिकॉर्ड भी कुछ समय बाद पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

# गरीबों के जीने के अधिकार में दखल दें तो माफिया को जीने का अधिकार नहीं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अंबेडकर नगर/अयोध्या/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि माफिया अगर गरीबों के जीवन जीने के अधिकार में हस्तक्षेप करते हैं तो उन्हें जीने का अधिकार नहीं है।

अंबेडकर नगर में 2,122 करोड़ रुपए मूल्य की परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इस प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से पहले माफिया गरीब की जमीन पर अतिक्रमण करते थे और उन्हें तीज त्यौहार मनाने से रोकते थे।

योगी ने कहा, क्या आज कोई माफिया गरीब की जमीन पर अतिक्रमण कर सकता है। क्या कोई हमारी बेटियों को परेशान कर सकता है। उन्हें पता है कि यदि वे किसी बेटी को परेशान करेंगे तो यमराज अगले चौराहे पर उनसे निपटेगा। उन्होंने कहा, आप बताएं कि क्या माफियाओं का जो 'इलाज' किया जा रहा है, वह ठीक है या नहीं। क्या आप इसका समर्थन करते हैं या नहीं।


योगी ने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार की वजह से है कि उत्तर प्रदेश में माफियाओं को यह 'इलाज' मिल रहा है। माफिया वे प्राणी हैं जिन्हें पिछली सरकारों द्वारा पोषित किया गया जो अपने नेताओं की आय का स्रोत हुआ करते थे।

लेकिन यदि ये प्राणी गरीब के जीवन जीने के अधिकार में हस्तक्षेप करते हैं तो उन्हें जीने का अधिकार नहीं है। यदि ये हस्तक्षेप करते हैं तो इनसे जीने का अधिकार छीन लिया जाएगा और इन्हें खत्म कर दिया जाएगा।

राज्य की पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, योगी सरकार में 2017 से 2023 तक पिछले छह वर्षों में 180 से अधिक कथित अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में 10,900 से अधिक पुलिस मुठभेड़ हुई है जिसमें 23,300 कथित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 5,046 अपराधी घायल हुए।

## कोविंद नीत समिति की सिफारिश लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए 'ऐतिहासिक दिन': शाह



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नीत समिति की सिफारिश को बृहस्पतिवार को लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए 'ऐतिहासिक दिन' बताया। समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की बृहस्पतिवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज का दिन देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन है। मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में 'एक देश – एक चुनाव' पर गठित उच्चस्तरीय समिति का प्रतिवेदन, राष्ट्रपति महोदया के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति ने सिफारिश की है कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कई संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है जिनमें से ज्यादातर के लिए राज्यों के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी।



## हिंदू, सिख शरणार्थियों ने सीएए के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में केजरीवाल के आवास के पास प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले हिंदू और सिख शरणार्थियों ने बृहस्पतिवार को यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के पास विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को लागू करने के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणियों के लिए माफी की मांग की। प्रदर्शनकारी चंदगीराम अखाड़े के पास एकत्र हुए और केजरीवाल के बंगले की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों में शामिल पंजूराम ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार हमें नागरिकता दे रही है, जबकि केजरीवाल पूछ रहे हैं कि हमें नौकरी और घर कौन देगा। वह हमारा दर्द नहीं समझते। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केजरीवाल को सीएए और शरणार्थियों के खिलाफ अपने बयान वापस लेने चाहिए तथा माफी मांगनी चाहिए। विरोध-प्रदर्शन में रोहिणी, आदर्श नगर, सिग्नेचर ब्रिज के नजदीक और मजनू का टीला में रहने वाले हिंदू और सिख शरणार्थियों ने हिस्सा लिया।

## सिक्योर ने बिहार में 10 लाख स्मार्ट मीटर लगाए

**नई दिल्ली/भाषा।** ऊर्जा समाधान प्रदाता सिक्योर ने सरकार की 'संशोधित वितरण क्षेत्र योजना' (आरडीएसएस) के तहत बिहार में 10 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 20 जुलाई, 2021 को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना शुरू की थी। इसके तहत मार्च, 2025 तक सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। सिक्योर के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुकेत सिंघल ने कहा, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के साथ 10,00,000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर चालू करके हमने साबित कर दिया है कि एएमआईएसपी (एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर्स) वितरण सुधार लागू करेंगे। सिक्योर ने कहा कि वह प्रतिदिन औसतन 6,000 स्मार्ट मीटर लगा रही है जो एक रिकॉर्ड है। बिजली एवं ऊर्जा समाधान प्रदाता सिक्योर का परिचालन ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, इटली, सिंगापुर, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन में है।

## राजग 400 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में लौटेगा : राजनाथ सिंह



**कोकराझार (असम)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यह तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में लौटेगा। असम में राजग के तीन सहयोगी दलों-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), असम गण परिषद (अगप) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरेशन (यूपीपीएल) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटती है तो राज्य में एक भी कच्चा मकान नहीं होगा तथा सभी के पास पक्के मकान होंगे। उन्होंने कहा, इस बात में रत्ती भर संदेह नहीं है कि केंद्र में हमारी ही सरकार बनेगी। मुझे विश्वास है कि राजग 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

सिंह ने यह भी दावा किया कि न केवल भारत, बल्कि समूची दुनिया लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम के बारे में जानती है और उन्होंने पहले ही मान लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा सुधार किया है तथा उन्हें पक्के मकान दिए गए हैं।

## भाजपा में शामिल हुईं पूर्व केंद्रीय मंत्री व पटियाला की सांसद परनीत कौर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पंजाब के पटियाला से लोकसभा की सांसद और कांग्रेस से निलंबित नेता परनीत कौर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।

पिछले साल फरवरी महीने में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उन्हें कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया था। यह कार्रवाई उनके पति और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही दिनों की गई थी। चार बार की सांसद कौर ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुघ, अरुण सिंह, पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ और राज्य के प्रभारी व गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तावड़े ने कहा कि परनीत कौर जैसे जनप्रतिनिधि के भाजपा में आने से पंजाब में पार्टी मजबूत होगी।

परनीत कौर ने भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम और उनकी नीतियों से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने पार्टी के साथ काम करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पूरे 'भाजपा परिवार' का आभार जताया। मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कौर ने कहा कि उन्होंने उनकी नीतियों और उनकी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों को देखकर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ही वह शख्सियत हैं जिनके नेतृत्व में हमारे बच्चों और देश का भविष्य सुरक्षित है। मैं उनके साथ जुड़कर काम करना चाहती हूं।

## भाजपा को अपने वित्तीय लेन-देन पर 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर चंदा हासिल करने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने वित्तीय लेन-देन पर 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए। खरगे ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, क्या अधिक चंदा पाने के लिए यह ब्लैकमेल, रंगदारी, लूट और जबरदस्ती थी ? ताजा जांच से पता चलता है कि ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग के छापों के बाद 15 और कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया, जिससे कुल मिलाकर 45 कंपनियों ने भाजपा को लगभग 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि खबरों के मुताबिक, चार 'शेल' कंपनियों ने भी भाजपा को पैसे दिए।

मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि ''तानाशाह मोदी सरकार'' ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं, जबकि वह केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके पैसे निकालती है।

## संविधान बदलने के लिए भाजपा 400 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतना चाहती है : उद्धव ठाकरे



**गुहागर/भाषा।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य के साथ इसलिए प्रचार कर रही है क्योंकि वह 'संविधान बदलना चाहती' है। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के गुहागर में एक रैली को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि देश में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा तानाशाही शासन की ओर एक कदम है। उन्होंने कहा, भाजपा की रणनीति को समझें...वह लोकसभा की 543 सीट में से 400 से अधिक सीट इसलिए जीतना चाहती है क्योंकि जब वह संविधान बदलना चाहे तो विपक्ष के नेता आवाज न उठा सकें। उन्होंने कहा, हाल ही में 100 से अधिक सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया था और इस दौरान किसी चर्चा के बिना कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित कर दिए गए। गौरतलब है कि भाजपा विधायक अनंतकुमार हेगड़े ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने और 'कांग्रेस द्वारा इसमें की गई विकृतियों और अनावश्यक परिवर्धन को दुरूस्त करने के लिए' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है।

## अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडि' सत्ता में आया तो यह किसानों की आवाज बनेगा : राहुल गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) यदि सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। उन्होंने किसानों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडि' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। मेरी और हमारी ('इंडि गठबंधन की) सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश करने तथा सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया।

## सीएए असंवैधानिक व भारत की अवधारणा के लिए चुनौती : विजयन



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) असंवैधानिक एवं मानवाधिकारों के खिलाफ है तथा यह भारत की अवधारणा के लिए चुनौती है। विजयन ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि विवादास्पद कानून से धार्मिक भेदभाव को कानूनी वैधता मिलती है।

सीएम ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सीएए के खिलाफ संयुक्त मोर्चे से पीछे हट रही है।

संशोधित नागरिकता कानून दिसंबर 2019 में संसद से पारित हुआ था और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। लेकिन इस कानून के खिलाफ देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए और कई विपक्षी दलों ने कानून को भेदभावपूर्ण बताया।

केंद्र सरकार द्वारा सीएए के अधिसूचित नियमों के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट का मकसद : भारत की शासन प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करना भी था: अडाणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी। शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। इसका असर यह हुआ था कि 2023 की शुरुआत में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर उद्यमी के रूप में सूचीबद्ध गौतम अडाणी शीर्ष 20 से भी बाहर हो गए। बाद में समूह ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली है।

## ओडिशा में भाजपा अकेले सरकार बनाएगी: सामल

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में लोकसभा चुनाव के पहले बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन की चर्चाओं पर बृहस्पतिवार को पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि उनकी पार्टी 'अपने दम पर' राज्य में अगली सरकार बनाएगी। सामल ने गठबंधन की संभावना का कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने बुधवार की रात राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की थी।

आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी से लौटने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भाजपा लोगों के आशीर्वाद और सहयोग से राज्य में अकेले सरकार बनाएगी।

बीजद के नेता भी इस मुद्दे पर दोपहर में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में एक बैठक करने वाले थे।

## आसाराम मामला : 'फर्जी' वीडियो वायरल होने के बाद बलात्कार पीड़िता के पिता की सुरक्षा बढ़ाई गई

**शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा।** आसाराम बापू की कथित संलिप्तता वाले बलात्कार प्रकरण में सोशल मीडिया मंच पर वायरल हुए 'फर्जी' वीडियो के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए दुष्कर्म पीड़िता के पिता को अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराई है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि आसाराम प्रकरण में बलात्कार पीड़िता के पिता बुधवार को उनसे मिले थे और अपनी शिकायत दी है, जिसके आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। पीड़िता के पिता ने शिकायत में कहा है कि आसाराम अपने अनुयायियों के जरिए सोशल मीडिया व यूट्यूब पर उनके विरुद्ध लगातार दुष्प्रचार कराता रहता है। मीणा ने बताया कि मंगलवार को अनिल शर्मा नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित किया, जिसमें उसने अपने को पीड़िता का पिता बताते हुए कहा है कि ''मुझे माफ करें, मेरी लड़की ने झूठा आरोप लगाया था। पीड़िता के पिता के मुताबिक, यह वीडियो झूठा है और हमने मीडिया को ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। पीड़िता के घर पर पुलिस की एक गारद तैनात है और पीड़िता के पिता ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा है कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत 11 उम्मीदवार बृहस्पतिवार को राज्य विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्यमंत्री का यह लगातार चौथा कार्यकाल होगा। कुमार के अलावा, विधान परिषद की 11 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने वाले विभिन्न दलों के 10 उम्मीदवारों को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कुमार अपना सर्टिफिकेट लेने विधानसभा सचिवालय पहुंचे। उनके साथ करीबी सहयोगी राजीव रंजन सिंह ललन तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा थे। उच्च सदन के लिए चुने गए अन्य प्रमुख लोगों में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी (राजद), राज्य मंत्री संतोष सुमन (हम) और पूर्व मंत्री मंगल पांडे (भाजपा) शामिल हैं।

## बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छी बात : रहाणे



**मुंबई/भाषा।** रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली मुंबई की टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सराहना की। बीसीसीआई ने सीनियर क्रिकेटरों से रणजी ट्रॉफी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया है। रहाणे ने मुंबई की विदर्भ के खिलाफ फाइनल में 169 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट को महत्व देने का जिक्र करना चाहता हूं। यह बहुत अच्छा कदम है। खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने की अनुमति देना बेहद महत्वपूर्ण है। मुंबई की रणजी ट्रॉफी में जीत के बारे में रहाणे ने कहा कि टीम को अगले सत्र में इस प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान देना चाहिए। एक टीम के रूप में हमने पिछले दो वर्ष में अच्छी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी लगातार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं जो मुंबई क्रिकेट के लिए अच्छे संकेत हैं। प्रदर्शन में लगातार सुधार करना महत्वपूर्ण है। हम आने वाले वर्षों में इस तरह के प्रदर्शन को दोहराना चाहते हैं, इसलिए हमारा ध्यान अब इस पर केंद्रित रहेगा।

## मेइती, कुकी विधायकों की दो बैठकों के बाद अब जल्द ही शांति लौटने की उम्मीद : मणिपुर के मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत शुरू की गई है। यहां एक कार्यक्रम में सिंह ने राजनीतिक संवाद के माध्यम से संघर्षों को हल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि दोनों समुदायों के विधायक दो बार मिल चुके हैं जो शांति प्रक्रिया में प्रगति का संकेत है। उन्होंने कहा, घाटी के विधायक कुकी विधायकों से दो बार मिल चुके हैं।

पहाड़ी क्षेत्र समिति के अध्यक्ष का एक दल कुकी और नगा समुदायों की नागरिक संस्थाओं के साथ बैठक कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही शांति लौटेगी। सिंह ने पिछले तीन मई को राज्य में हिंसा भड़कने के बाद से निर्दोष लोगों की जान जाने की दुर्भाग्यपूर्ण क्षति को स्वीकार किया, लेकिन शांति कायम होने को लेकर वह आशान्वित दिखे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में राज्य सुरक्षा बलों की तैनाती से हिंसा को कम करने में मदद मिली है। विभिन्न क्षेत्रों से विस्थापित हुए लोग अपने घरों को लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा, लगभग सभी संवेदनशील इलाकों में राज्य सुरक्षा बलों की तैनाती करीब-करीब हो चुकी है। भगवान की कृपा से, हिंसा की खबरें घटी हैं तथा फौबाकचाओ, दोलाईथाबी, सुगनू और सेरोउ के विस्थापित लोग अपने मूल स्थानों पर लौटने लगे हैं।

## सुविचार

**पत्थर में एक ही कमी है की वह पिघलता नहीं, लेकिन यही उसकी खूबी है वह बदलता भी नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ये भी आम आदमी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'जिन शब्दों' का प्रयोग करते हुए सीएए के खिलाफ मोर्चा खोला है, उनमें सत्य का अभाव दिखाई देता है। वे आम आदमी के हितों की बात करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से जो हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी अपनी जान बचाकर यहां आए हैं, वे भी आम आदमी ही हैं। एक ओर जहां सीएए के अधिसूचित होने की खुशी में ये लोग उत्सव मना रहे हैं, वहीं केजरीवाल इनके लिए ऐसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जो बतौर मुख्यमंत्री उन्हें नहीं करना चाहिए था। इसके बाद इन लोगों ने केजरीवाल के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। निस्संदेह ऐसे प्रदर्शन में सबको 'जोश और होश', दोनों का ध्यान रखना चाहिए। केजरीवाल तो खुद धरना-प्रदर्शन करते हुए राजनीति में आए थे। बेहतर होता कि वे सीएए को लेकर तमाम मतभेदों के बावजूद इन लोगों से मिलते, इनकी बात सुनते। इससे इनकी पीड़ा कुछ कम हो जाती। केजरीवाल का यह कहना कि 'सीएए के बाद ये पाकिस्तानी पूरे देश में फैल जाएंगे और इसी तरह हमारे ही मुल्क के लोगों को हड़काएंगे और हुड़दंग करेंगे', हास्यास्पद है। पहली बात तो यह कि इन पर पाकिस्तानी होने का ठप्पा हटाने के लिए सीएए लाया गया है। ये तो पाकिस्तान का मुंह भी नहीं देखना चाहते। इन्हें नागरिकता मिलने के बाद पाकिस्तान से कोई रिश्ता नहीं रहेगा। जहां तक पूरे देश में 'हुड़दंग' मचाने की बात है तो इनमें से कई लोग वर्षों से यहां रह रहे हैं। उन्होंने आज तक कब-कब हुड़दंग मचाया?

केजरीवाल का यह कहना भी सत्य नहीं है कि 'सीएए लागू होने से देशभर में भारी संख्या में पड़ोसी देशों से घुसपैठिए आ जाएंगे।' अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक गिनती में न के बराबर रह गए हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में कुछ लाख की तादाद में हैं। उन्हें वीजा देने में बहुत सावधानी बरती जाती है। चुनिंदा लोग ही वीजा पाने में सफल होते हैं। रही बात 'घुसपैठ' की, तो पाकिस्तान से लगती एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ व सेना का कड़ा पहरा है। उधर जो भी व्यक्ति घुसपैठ करता है, उससे उसका नाम और धर्म नहीं पूछा जाता, बल्कि पहले चेतावनी दी जाती है। फिर भी उसका आगे बढ़ना जारी रहता है तो कठोर कार्रवाई की जाती है। पाकिस्तानी अल्पसंख्यक यह बात भलीभांति जानते हैं, इसलिए ऐसा जोखिम मोल नहीं लेंगे, जिससे गोली लगने की नौबत आए। बांग्लादेश सीमा पर भी सुरक्षा बल सतर्क हैं। सीएए उक्त समुदायों के लोगों को किसी भी देश से और किसी भी तारीख को आते ही नागरिकता नहीं दे देता। इसके लिए तीन देशों और 31 दिसंबर, 2014 तक आने जैसे कड़ी शर्तें रखी गई हैं। जो लोग इनका उल्लंघन करेंगे, वे नागरिकता के पात्र नहीं होंगे। याद रखें कि जो लोग सामान्यत: नागरिकता के पात्र हैं, उनके लिए भी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। सुरक्षा एजेंसियां उनकी जांच करने के बाद ही फाइल आगे बढ़ाएंगी। भारत की नागरिकता इतनी सस्ती नहीं कि कोई भी आकर दावा कर ले, उसे तुरंत हासिल कर ले और उसके बाद देशभर में हुड़दंग मचाए। हुड़दंगियों से निपटना सुरक्षा बल अच्छी तरह जानते हैं। केजरीवाल का यह बयान कि 'क्या आप चाहेंगे कि आपके घर के सामने पाकिस्तान से आए लोग झुग्गी डालकर रहें', भी अतिशयोक्तिपूर्ण है। पाकिस्तान से आए लोगों ने कितने घरों के सामने झुग्गियां बनाई हैं? नागरिकता मिलने के बाद इनके रहने की भी उचित व्यवस्था हो जाएगी। बेहतर होता, अगर केजरीवाल राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर ऐसी ही चिंता रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र करते हुए जताते, जो आए दिन किसी-न-किसी इलाके से पकड़े जा रहे हैं।

## ट्वीटर टॉक



रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 62 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिले 10,999 करोड़ रुपये से अधिक के 82 लाख से ज्यादा ऋण।

**-सीपी जोशी**



सांचौर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु की खबर से मन व्यथित है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शान्ति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करती हूँ।

**-दीया कुमारी**




जिनके पास दस्तावेज नहीं है उनके लिए हम कोई रास्ता ढूंढेंगे लेकिन जिनके पास दस्तावेज है वे लगभग 85% से ज्यादा है। कोई समय सीमा नहीं है, आराम से समय लेकर आवेदन किया जा सकता है, भारत सरकार साक्षात्कार के लिए आपको कॉल करेगी।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

# कुदरत से मिली सहजता



गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने सादगी को जीवनचर्या बना लिया था। वह एक माटी की कुटिया खुद ही बना रहे थे कि आगे से अब उसी में रहेंगे। उनका यह समर्पण और श्रम देखकर शांति निकेतन के उनके सहयोगी प्रश्नवाचक बनकर उनके सम्मुख आ खड़े हुए। उनकी उत्सुकता का उत्तर देते हुए गुरुदेव ने कहा, 'कितनी उलझनें कितने दांव-पेंच। वह भोलापन वह सरलता वह मासूमियत जो कुदरत ने हमको दी है वह हमने खुद ही खो दी है। अपनी मानसिकता को अब भी सुलझा लें तो बेहतर होगा। मुझे लगता है कि अपनी जड़ों की तरफ लौटने से ही जगत सुखी रहेगा। एक बार सरलता सहजता चली गई तो उसके होने का नाटक या आडंबर भी नहीं कर सकेंगे।' गुरुदेव की बात इतनी सच्ची थी कि सभी ने उसके अनुकरण का संकल्प लिया।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विशेष

## सामयिक

# जानें अधिकार और बनें जागरूक उपभोक्ता

**योगेश कुमार गोयल**
फोन: 9416740584



**उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया।**

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

## बोध कथा

# गलत आदत

एक वक्त की बात है, बादशाह अकबर किसी एक बात को लेकर बहुत परेशान रहने लगे थे। जब दरबारियों ने उनसे पूछा, तो बादशाह बोले, 'हमारे शहजादे को अंगूठा चूसने की बुरी आदत पड़ गई है, कई कोशिश के बाद भी हम उनकी यह आदत छुड़ा नहीं पा रहे हैं।' बादशाह अकबर की परेशानी सुनकर किसी दरबारी ने उन्हें एक फकीर के बारे में बताया, जिसके पास हर मर्ज का इलाज था। फिर क्या था, बादशाह ने उस फकीर को दरबार में आने का निमंत्रण दिया।

जब फकीर दरबार में आया, तो बादशाह अकबर ने उन्हें अपनी परेशानी के बारे में बताया। फकीर ने बादशाह की पूरी बात सुनकर परेशानी को दूर करने का वादा किया और एक हफ्ते का समय मांगा।

जब एक हफ्ते के बाद फकीर दरबार में आया, तो उन्होंने शहजादे को अंगूठा चूसने की बुरी आदत के बारे में प्यार से समझाया और उसके नुकसान भी बताए। फकीर की बातों का शहजादे पर बहुत प्रभाव पड़ा और उसने अंगूठा न चूसने का वादा भी किया। सभी दरबारियों ने यह देखा, तो बादशाह से कहा, 'जब यह काम इतना आसान था, तो फकीर ने इतना समय क्यों लिया। आखिर उसने क्यों दरबार का और आपका समय खराब किया।' बादशाह दरबारियों की बातों में आ गए और उन्होंने फकीर को दंड देने की ठान ली।

सभी दरबारी बादशाह का समर्थन कर रहे थे, लेकिन बीरबल चुपचाप था। बीरबल को चुपचाप देख, अकबर ने पूछा, 'तुम क्यों शांत हो बीरबल?' बीरबल ने कहा, 'जहांपनाह गुस्ताखी माफ हो, लेकिन फकीर को सजा देने के स्थान पर उन्हें सम्मानित करना चाहिए और हमें उनसे सीखना चाहिए।' तब बादशाह ने गुस्से में कहा, 'तुम हमारे फैसले के खिलाफ जा रहे हो। आखिर तुमने ऐसा सोच भी कैसे लिया, जवाब दो।'

तब बीरबल ने कहा, 'महाराज पिछली बार जब फकीर दरबार में आए थे, तो उन्हें चूना खाने की बुरी आदत थी। आपकी बातों को सुनकर उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने पहले अपनी इस गंदी आदत को छोड़ने का फैसला लिया फिर शहजादे की गंदी आदत छुड़ाई।' बीरबल की बात सुनकर दरबारियों और बादशाह अकबर को अपनी गलती का एहसास हुआ और सभी ने फकीर से क्षमा मांगकर उसे सम्मानित किया।

## नजरिया

# राजस्थान में कांग्रेस ने नए प्रत्याशियों पर लगाया दांव

**रमेश सर्राफ धमोरा**




राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरें हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरने तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतार गया है। मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। दो दिन पूर्व भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था।

झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था। यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य है तथा मात्र 26 साल की उम्र में ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई है। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है। टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वासपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है। हरीश मीणा 2014 में भाजपा से सांसद व 2018 तथा 2023 में कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वह पूर्व में राजस्थान पुलिस के डीजीपी रह चुके हैं। जोधपुर में करण सिंह उचियारड़ा को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछली बार वहां अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत उम्मीदवार थे। मगर 3 लाख वोटो से हार गए थे। 2014 में वहां से केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी प्रत्याशी रही थी। जोधपुर लोकसभा सीट को कभी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता था। वह जोधपुर से पांच बार सांसद व छह बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। मगर पिछले लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र की करारी हार के चलते उन्होंने अपने पुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही सीट से प्रत्याशी बनवाया है। जोधपुर से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है।

जालौर-सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार यहां से रतन देवासी प्रत्याशी थे। जबकि 2014 में चित्तौड़गढ़ के रहने वाले उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया था। उदयपुर सीट से उदयपुर में कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 व 2014 में यहां से रघुवीर मीणा कांग्रेस प्रत्याशी रहे थे। चित्तौड़गढ़ सीट पर उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया है। आंजना गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तथा पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में पिछली बार गोपाल सिंह शेखावत व 2014 में गिरिजा व्यास चुनाव लड़ चुकी है। उदयलाल आंजना 2014 में जालौर-सिरोही सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस बार तीन मौजूदा विधायक झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, टोंक-सवाई माधोपुर से हरीश मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

भाजपा सांसद राहुल करबा को चूरू से तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरीश मीणा व ताराचंद मीना को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने तीन विधायकों को मैदान में उतार दिया है। वहीं पांच अन्य सीटों पर विधायकों कोटा से अशोक चांदना, दौसा से मुरारीलाल मीणा, राजसमंद से सुदर्शन सिंह रावत, बाड़मेर से हरीश चैधरी व करौली-धौलपुर से अनीता जाटव के नाम चल रहें है। कांग्रेस में चर्चा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भारतीय आदिवासी पार्टी को, सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को तथा नागौर व बाड़मेर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को गठबंधन में दी जा सकती है।

इसी के चलते इन सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किए गए हैं। हालांकि बाड़मेर से विधायक हरीश चौधरी गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। वह बाड़मेर से सांसद रह चुके हैं तथा चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी ही बाड़मेर सीट से चुनाव लड़े। इसी के चलते अभी गठबंधन की घोषणा नहीं हो पाई है। कांग्रेस के लिए इस बार का चुनाव वर्चस्व का सवाल बना हुआ है। विधानसभा में मिली हार के बाद कांग्रेस के पास यह सुनहरा अवसर है की वह पिछली दो बार की हार को जीत में बदलकर अपना खोया जनाधार फिर से मजबूत करने की दिशा में अग्रसर हो।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अमेरिका में बढ़ रहा है ‘हिंदू फोबिया’ : श्री थानेदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका में ’हिंदू फोबिया’ में वृद्धि देखी गई है, जिससे लड़ने की जरूरत है क्योंकि इस देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। थानेदार ने हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराध से लड़ने की मांग करने वाले हिंदू नेताओं और संगठनों के एक समूह में शामिल होने के अवसर पर यह बात कही। ’हिंदूएक्शन’ नामक संगठन द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान विभिन्न भारतीय अमेरिकी समूहों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को अमेरिका की राजधानी में मुलाकात की। थानेदार ने कहा, हम अमेरिका में बहुत अधिक ’हिंदू फोबिया’ (हिंदुओं को लेकर एक प्रकार की असुरक्षा की भावना) देखते हैं। हमने कैलिफोर्निया एसबी403 (जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक) देखा है, और यह तो बस शुरुआत है। हमारे मंदिरों पर हमले और दुनिया भर में हिंदुओं पर हमले। यही एक कारण है कि मैंने हिंदू कॉकस बनाने का फैसला किया है।



डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने कहा, अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार, हमारे पास एक हिंदू कॉकस है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल कर रहे हैं कि लोगों को अपने धर्म का पालन करने की धार्मिक स्वतंत्रता हो जिस तरह से वे चाहते हैं। हमें इस भय, कट्टरता और नफरत से लड़ने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिका में नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लोगों के धार्मिक अधिकारों के खिलाफ नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। और इसलिए हम कांग्रेस में इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन की सुहाग शुक्ला ने कहा कि विशेष रूप से कॉलेज परिसरों में बड़े पैमाने पर हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और नफरत के मामले सामने आ रहे हैं।

उन्होंने अमेरिका में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध की कुछ प्रमुख घटनाओं का भी उल्लेख किया।

सुहाग शुक्ला ने कहा, पिछले दो वर्षों में हमने हिंदू विरोधी घटनाओं में वृद्धि देखी है। जिन सभी मंदिरों पर हमलों का मैंने उल्लेख किया है, उन सभी सड़क हमलों के साथ वीडियो में पकड़े गए अपराधी, जिनका मैंने उल्लेख किया है। हमलों के दौरान दिए गए बयान, भित्ति लेखन की प्रकृति और सामग्री ये सभी खालिस्तान आंदोलन की ओर इशारा करते हैं। जब सिख समुदाय के कुछ लोग हिंदू विरोधी घटनाओं के खिलाफ बोल रहे हैं, तो उन पर शारीरिक हमला किया गया है।

## होली



मथुरा के पास रमणरेती आश्रम में गुरुवार को श्रद्धालु लट्ठमार होली मनाते हुए।

# पांच दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री टोबगे

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने बृहस्पतिवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा शुरू की, जो कार्याभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। भारत-जापान संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम अपने भूटानी समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। टोबगे का राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच ’एक्स’ पर कहा भूटान के प्रधानमंत्री की यात्रा भारत और भूटान के बीच मित्रता के अच्छे संबंधों को ध्यान में रखते हुए अहम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भारत और भूटान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी।


भूटान के प्रधानमंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को हमारी अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने एवं भारत और भूटान के बीच दोस्ती और सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

# ब्रिटेन ने दक्षिणपंथी, इस्लामी चरमपंथियों से निपटने के लिए चरमपंथ की परिभाषा को और स्पष्ट किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल में हमास के आतंकवादी हमलों के बाद से बढ़े खतरों के मद्देनजर बृहस्पतिवार को चरमपंथ की एक नई और अधिक स्पष्ट परिभाषा जारी की। इसका मकसद दक्षिणपंथी और इस्लामी चरमपंथियों के खिलाफ उदार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का संरक्षण करना है। ब्रिटेन में चरमपंथ को अब हिंसा, घृणा या असहिष्णुता पर आधारित एक विचारधारा के प्रचार या इसे बढ़ावा देने के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका उद्देश्य : दूसरों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को नकारना या ब्रिटेन की उदार संसदीय लोकतंत्र और लोकतांत्रिक अधिकारों की प्रणाली को कमजोर करना, पलटना या प्रतिस्थापित करना हो। ब्रिटेन के समुदाय संबंधी मामलों के मंत्री माइकल गोव ने कहा कि ब्रिटेन को एक बहु-राष्ट्रीय, बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र की सफलता की कहानी के रूप में सुरक्षित रखने के लिए परिभाषा को अद्यतन करने की आवश्यकता थी। गोव ने कहा, लेकिन, हमारे लोकतंत्र और सहिष्णुता के हमारे मूल्यों को चरमपंथ से खतरा है। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए, हमारे बीच जो समान है उसे सुदृढ़ करना और उग्रवाद से उत्पन्न खतरों की पहचान करने में स्पष्टता होना, दोनों ही महत्वपूर्ण है।

## मुलाकात



जैन समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन से मुलाकात करते हुए।



# ‘छोटा भीम’ का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम ‘छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान’ है।अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है।

इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है।



स्वागत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को नासिक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उनका स्वागत किया गया।

# बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी उर्फी जावेद

मुंबई/एजेन्सी



अपने अनोखे फैशन सेंस के लिए मशहूर सोशल मीडिया सनसनी उर्फी जावेद अपकमिंग फिल्म ’लव सेक्स और धोखा 2’ में नजर आएंगी। यह उनकी बड़े पर्दे पर शुरुआत होगी। फिल्म वर्तमान पीढ़ी की कहानी पर आधारित है, जो सोशल मीडिया के युग में प्यार में पड़ने वालों पर बात करती है। ’लव सेक्स और धोखा 2’ रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाती है और एक ऐसी दुनिया में आधुनिक प्रेम के छिपे हुए पहलुओं पर प्रकाश डालती है, जहां इंटरनेट एक आवश्यकता है। 2010 में रिलीज हुई ’लव सेक्स और धोखा’ की कहानी को पार्ट-टू आगे लेकर जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को गहन अनुभव देने का वादा करती है। माना जा रहा है कि फिल्म की कहानी मनोरंजक होने के साथ इसमें कलाकारों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इसकी कहानी में दर्शकों को प्रेम और विश्वासघात के अलावा सोशल मीडिया की सच्चाई के बारे में पता चलेगा। 2010 में स्लीपर हिट ’लव सेक्स और धोखा’ दिबाकर बनर्जी की पहली दो फिल्मों ’खोसला का घोसला’ और ’ओए लकी लकी ओए’ के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद उनकी तीसरी निर्देशित फिल्म थी। इससे पहले यह बात सामने आई थी कि तुषार कपूर और मौनी रॉय ’एलएसडी 2’ में कैमियो भूमिका निभाते नजर आएंगे। ’लव सेक्स और धोखा 2’ एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी।



# आमिर खान ने ‘लापता लेडीज’ की टीम के साथ मनाया अपना जन्मदिन

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने गुरुवार को फिल्म ’लापता लेडीज’ की टीम के साथ अपना 59वां जन्मदिन मनाया। पिछली बार फिल्म ’लाल सिंह चड्ढा’ में दिखाई देने वाले एक्टर ने अपने नवीनतम प्रोडक्शन ’लापता लेडीज’ के कलाकारों और मीडिया के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। आमिर आज (गुरुवार) 59 साल के हो गए और उनके इस खास दिन पर उनकी पूर्व पत्नी किरण राव भी उनके साथ नजर आईं। मीडिया से बात करते हुए बॉलीवुड सुपरस्टार ने कहा, इस बार मैं अपना जन्मदिन ’लापता लेडीज’ की टीम के साथ सेलिब्रेट कर रहा हूं। जैसा कि सब जानते हैं हमारी फिल्म इस वक्त थिएटर में चल रही है। मैं चाहता था कि मैं अपना यह खास दिन सभी के साथ मनाऊं।’’ अपने जन्मदिन के केक पर नाम न होने पर एक्टर को मीडिया से भी मजाक करते हुए देखा गया। उन्होंने मीडिया से कहा, ’’आप लोग मेरे लिए केक नहीं लाए, इसके ऊपर नाम ही नहीं लिखा है किसी का।’

’ इस खास दिन पर ’गजनी’ स्टार ने जींस के साथ काली टी-शर्ट पहनी। इस दौरान किरण पैटर्न वाली ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

एक्टर इन दिनों अपने नए प्रोजेक्ट ’सितारे जमीन पर’ भी काम कर रहे हैं। यह फिल्म डाउन सिंड्रोम के इर्द-गिर्द घूमती है और यह क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# ‘स्कूप’ ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान : करिश्मा तन्ना

मुंबई/एजेन्सी

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज ’स्कूप’ ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया। लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने आईएएनएस को बताया, ’’सीरीज ’स्कूप’ से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर ’स्कूप’ ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया।’’ एक्ट्रेस



ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा। यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें ’सपोर्ट’ मिला, करिश्मा ने कहा, ’’नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था।

एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं। करिश्मा ने आगे कहा, ’’मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले।’’ उन्होंने कहा, मैंने बस उस जुनून और अपने सपने को जीया और मैंने इसे भगवान और अपनी मां पर छोड़ दिया। मैंने कड़ी मेहनत की और सब कुछ वैसा ही हुआ, जैसा मैं चाहती थी।’’



# खतरों के खिलाड़ी-14 के लिए रोहित शेट्टी ने बढ़ाई फीस

मुंबई/एजेन्सी

बिग बॉस 17 और झलक दिखला जा 11 खत्म होने के बाद अब दर्शकों को रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। खतरों के खिलाड़ी का इस बार 14वां सीजन आने वाला है। इस शो को लेकर लगातार नई अपडेट्स सामने आ रही हैं।

अब तक इस शो को लेकर कई स्टार्स के नाम भी सामने आ चुके हैं। हालांकि, अभी तक शो में शामिल होने वाले स्टार्स के नाम की फाइनल लिस्ट सामने नहीं आई है। लेकिन इस शो के होस्ट रोहित शेट्टी को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने शो के निर्माताओं से अपनी फीस बढ़ाने की डिमांड की है। रोहित शेट्टी इस वक्त खतरों के खिलाड़ी को लेकर खूब चर्चा में हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर खबरें आ रही हैं कि उन्होंने अपनी फीस को बढ़ाने की बात की है।

बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के अनुसार रोहित ने खतरों के खिलाड़ी के इस सीजन यानी 14 को होस्ट करने के लिए मोटी रकम की डिमांड की है। रिपोर्ट के अनुसार रोहित ने अपनी फीस में 10 या 20 नहीं बल्कि पूरे 50% का इजाफा करने की बात कर रहे है। कथित तौर पर, रोहित इस शो के एक एपिसोड को होस्ट करने के लगभग 60 से 70 लाख रुपये चार्ज करेंगे। इस लिहाज से वो खतरों के खिलाड़ी के पूरे सीजन के लिए करीब 16 करोड़ रुपये से ज्यादा लेंगे। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 14 में शामिल होने को लेकर अब तक कई नाम सामने आ चुके हैं। बिग बॉस 17 फेम नील भट्ट का नाम भी शो में जाने को लेकर सामने आ रहा है। पिछले सीजन में नील की पत्नी ऐश्वर्या शर्मा इस शो का हिस्सा रही थीं। इसके अलावा विकी जैन अंकिता लोखंडे, मनीषा रानी, मुनव्वर फारुकी, मन्नारा चोपड़ा, अभिषेक कुमार, मानस्वी ममगई सहित कई नाम सामने आ चुके हैं। लेकिन अभी इन नामों पर मुहर नहीं लगी है।

# मल्टी टैलेंटेड है ये अभिनेत्रियां, एक्टिंग ही नहीं, बिजनेस में भी हैं माहिर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड की अभिनेत्रियां सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि बिजनेस में भी हाथ जमा चुकी है हर क्षेत्र में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है। कई बार मौका मिलने पर इन्होंने अपना ब्रांड लॉन्च किया है तो कहीं अपना स्टार्टअप शुरू किया है। इस कड़ी में आलिया भट्ट से लेकर दीपिका पादुकोण जैसी हीरोइनों के नाम शामिल है। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया से अलग बिजनेस में भी नाम कमाया है सबसे बड़ी बात तो यह है कि इनका हुनर सिर्फ प्रोडक्शन हाउस खोलने तक में ही नहीं बल्कि इसे हटकर कई ब्रांड में इन्वेस्ट करना भी है।







### सारा अली खान

सारा अली खान की बात करें तो एक्टिंग की दुनिया में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है सुपरहिट फिल्मों के जरिए सारा अली खान ने फिल्मों की दुनिया में अपनी पहचान बना ली है और इसमें वह कामयाब भी रही है। इसके अलावा बिजनेस की बात की जाए, तो सारा अली खान अपनी सूझबूझ और समझदारी मेहनत के बल पर बिजनेस में भी खुद को साबित कर चुकी है। सारा अली खान ने कपड़ों के एक स्टार्टअप में निवेश किया है इसके अलावा लाइफस्टाइल ब्रांड में उन्होंने पैसा लगाया है।

### आलिया भट्ट

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट हिंदी सिनेमा में कमाल दिखाती है। वही, इन्होंने अपने हुनर की पहचान बिजनेस में भी दी है। बॉलीवुड की टॉप हसीनो में शुमार आलिया भट्ट ने खुद का क्लॉथिंग लाइन लॉन्च किया है जिसका नाम एड ए मामा है। यहां पर 2 से 12 साल के बच्चों के कपड़ों का ब्रांड मिल जाता है। इसके अलावा आलिया भट्ट ने बिजनेस में काफी रुचि दिखाई है यह वजह है कि उन्होंने एक्टिंग में पांव जमाने के बाद आप बिजनेस में भी कमाल कर दिया है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और हुनर वाली अभिनेत्री है। दीपिका पादुकोण एक्टिंग के साथ-साथ बिजनेस में भी बेहतरीन काम करती हैं। उनके कपड़ों का लेबल और ब्रांड में काफी नाम कमाया है। उनके ब्रांड का नाम लीव, लव, लाइफ है इसके अलावा दीपिका ने अपना स्टार्टअप भी शुरू किया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।

# रेल मंत्रालय व क्वालकॉम ने शुरू किया चेन्नई डिजाइन सेंटर

## अब फोर्जिंग प्रक्रिया का उपयोग करके रेल पहियों का निर्माण होगा तमिलनाडु में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। देश के रेलमंत्री, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने क्वालकॉम इनकॉर्पोरेटेड के अध्यक्ष और सीईओ श्री क्रिस्टियानो अमोन के साथ रामानुजन आईटी सिटी में क्वालकॉम के चेन्नई डिजाइन सेंटर का उद्घाटन किया तथा इसके 6जी यूनिवर्सिटी रिसर्च इंडिया प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस मौके पर रेलमंत्री ने घोषणा की कि फोर्जिंग प्रक्रिया का उपयोग करके रेल पहियों का निर्माण तमिलनाडु में किया जाएगा और आईसीएफ निर्यात के लिए मानक गेज वंदे भारत रेक का निर्माण करेगा। यह पहल क्वालकॉम की नवाचार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विस्तार में 177.27 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

रेलमंत्री ने बताया कि क्वालकॉम बोर्ड में सभी तीन सेमीकंडक्टर चिप्स को नए उद्घाटन किए गए। एटीएमपी (असेंबलिंग, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) और सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र की सभी तीन परतों, अर्थात प्रतिभा पूल, गैसों और रसायनों और सेमीकंडक्टर उपकरण शामिल है। वैष्णव ने घोषणा की कि फोर्जिंग प्रक्रिया का उपयोग करने वाले पहियों का निर्माण तमिलनाडु में किया जाएगा और निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और उत्पादन 16-18 महीनों में शुरू हो जाएगा। तमिलनाडु के गुम्मिडिपुंडी में इस विनिर्माण इकाई की प्रति वर्ष 2.5 लाख की विशाल उत्पादन क्षमता होगी। जिसमें से 80000 की खपत भारत में होगी और बाकी 1.7 लाख का निर्यात किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि हम पिछले 60-70 वर्षों से जाली पहियों के आयातक रहे हैं और अब इस संयंत्र की स्थापना के साथ, भारत जाली पहियों का निर्यातक बन जाएगा।

रेल मंत्री ने घोषणा की कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई अब मानक गेज वंदे भारत विकसित करेगी क्योंकि यह मानक गेज है जिसका उपयोग दुनिया भर में रेलवे में किया जाता है। वर्तमान में, भारतीय रेलवे नेटवर्क में उपयोग के लिए ब्रॉड गेज वंदे भारत का निर्माण आईसीएफ में किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि अगर हमें अब से 5 साल बाद वंदे भारत रेक का निर्यात करना है तो हमें डिजाइनिंग की प्रक्रिया शुरू करनी होगी क्योंकि डिजाइनिंग, परीक्षण, राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय अनुमोदन प्राप्त करना और विनिर्माण की प्रक्रिया एक लंबी प्रक्रिया है। इससे चेन्नई, तमिलनाडु में आईसीएफ की निर्यात क्षमता में वृद्धि होगी।

### मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के भाजपा प्रकोष्ठ तमिलनाडु के संयोजक हंसराज राजपुरोहित, अध्यक्ष् जीतू लोहार, भाजपा चेन्नई सेंट्रल जिला सचिव पवन कुमार, राजस्थानी प्रवासी युवा मंडल के डार्विन शर्मा, जैसाराम माली कल्याण सिंह, रणजीत सिंह, ओंकारसिंह राजपुरोहित ने रेल महाप्रबंधक कार्यालय में स्थित रेलमंत्री अश्विन वैष्णव से प्रवासियों ने मुलाकात की। उन्होंने रेलमंत्री से चेन्नई-जालौर व चेन्नई-सिरोही रेल की मांग करते हुए अपनी समस्या बताई। रेल मंत्री ने आश्वासपन दिया कि आगामी 6 माह में वे जालोर सिरोही जिले की रेल समस्याओं का समाधान करेंगे।



# चिदंबरनार बंदरगाह प्राधिकरण में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह संपन्न

## अनेक प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के वीओ चिन्दबरनार बंदरगाह प्राधिकरण में '53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' का समापन समारोह बंदरगाह के प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित किया गया था। बंदरगाह पर 11 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसमें निबंध लेखन, नारा लेखन जैसे विभिन्न संवेदीकरण कार्यक्रमों का आयोजन करके पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित विषय पर प्रकाश डाला गया। बंदरगाह के वातावरण में सुरक्षित रूप से काम करने के लिए बंदरगाह उपयोगकर्ताओं और आम जनता की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने के उद्देश्य अनेक ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।इसके अलावा एक दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान, सुरक्षा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और बंदरगाह परिसर में सभी प्रकार के वाहनों पर हेडलाइट डॉट स्टिकर और सुरक्षा प्रतिबिंबित स्टिकर चिपकाए गए्।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीओ चिदंबरनार पोर्ट प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांतकुमार पुरोहित उपस्थित थे। प्राधिकरण के यातायात प्रबंधक आर. प्रभाकर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और सुरक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अतिरिक्त सहायक निदेशक डॉक सुरक्षा ने कार्गो को संभालने के दौरान सुरक्षित कार्य प्रथाओं के लिए डॉक श्रमिकों की सुरक्षा आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया।

सुशांतकुमार पुरोहित ने कहा कि बंदरगाह के परिचालन क्षेत्र में 'उत्पादकता' और 'सुरक्षा' परस्पर जुड़े हुए हैं और अच्छी सुरक्षा प्रथाओं को बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और कर्तव्य होना चाहिए्। 'शून्य दुर्घटना', बंदरगाह संचालन के सभी पहलुओं में सुरक्षा, प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए्। सुरक्षा सप्ताह को यादगार बनाने के लिए पोर्ट परिसर में 53 पौधे लगाए गए और पर्यावरण सुरक्षा को चिह्नित करने के लिए सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए। वरिष्ठ उप यातायात प्रबंधक टी. रमेश ने धन्यवाद दिया।



# समाज को विकसित करने में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका : के कल्याणी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय ने बुधवार को एमजी रोड स्थित स्पेंसर टावर में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इसका पहला सत्र डॉ. अंजलि मजूमदार द्वारा 'क्षमता निर्माण के माध्यम से महिला सशक्तीकरण' पर आधारित था। दूसरा सत्र उद्यमी रूपा रानी द्वारा 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम' पर था।

इस अवसर पर के कल्याणी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, 'समाज को विकसित करने में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। महिला दिवस का उत्सव लैंगिक समानता की दिशा में हमने जो प्रगति की है, उसकी याद दिलाता है और भविष्य हमारे सामने आने वाले कार्यों पर निर्भर करता है।' उन्होंने कहा कि महिलाएं मल्टीटास्कर होती हैं और वे मां, बहन, पत्नी, बेटी के रूप में भूमिका आसानी से निभा लेती हैं।

प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक टीके वेणुगोपाल ने कहा कि सभी महिलाओं को अपने करियर में पदोन्नति और प्रगति का विकल्प चुनना चाहिए। उनकी प्रगति राष्ट्र की प्रगति को दर्शाती है। केनरा बैंक के महाप्रबंधक पी गोपीकृष्ण ने कहा कि महिला दिवस मनाने का एक उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का संचालन केनरा बैंक की प्रबंधक हर्षा केआर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक रीनू मीणा ने किया।

### गुरु पूजा :

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयंबतूर के पालमल्लाई रोड स्थित जिनकुशलसूरी दादावाड़ी में गुरुवार को पार्श्वकुशल महिला मंडल की सदस्याओं ने दादा गुरुदेव की विशेष पूजा अर्चना की। दादावाड़ी के अध्यक्ष विजयचन्द झाबक ने सभी का स्वागत किया। तिरुपुर से आईं पार्श्वनाथ कुशल महिला मंडल के सदस्याओं ने विधि पूर्वक पूजन की तथा भजनों की प्रस्तुति दी। यह जानकारी कुशाल झाबक ने दी।



# रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने स्विगी व प्लम कम्पनी के साथ मिलकर मणिपाल अस्पताल के सहयोग से बेलंदूर स्थित एम्बेसी टेक विलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

फाउंडेशन की उपाध्यक्ष अरुणा ने बताया कि शिविर में जिसमें 150 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आपसी समन्वय के लिए धन्यवाद दिया।



# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल होने का जेवाईएस ने किया निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन युवा संगठन(जेवाईएस) के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, मंत्री मदन मुणोत, सहमंत्री विशाल गुगलिया, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिंवेसरा, साधु साध्वी समिति चेयरमैन राकेश बोहरा, सहचेयरमैन कपिल काल्या, सुनील मेहर, अर्चित पारेख, कमलेश कोटरिया ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल होने के शहर में विचरित विभिन्न साधु साध्वियों के दर्शन किए। उसी कड़ी में जेवाईएस के प्रतिनिधि मंडल ने श्रीरामपुरम स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी, मल्लीफीजी व आस्थाश्रीजी, जैन स्थानक यशवंतपुर में विराजित साध्वीश्री आगमश्रीजी व विपुलदर्शनाश्रीजी के दर्शन कर जन्मकल्याणक में शामिल होने का निवेदन किया। अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा सभी संतों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की तथा अन्य पदाधिकारियों ने जेवाईएस की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। दर्शन के दौरान विभिन्न साध्वियों ने जेवाईएस के कार्यों की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# होटल रुम में विदेशी महिला का शव मिला, जांच शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शेषाद्रिपुरम के जगदीश होटल में एक विदेशी महिला का मर्डर हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उजेकिस्तान मूल की 27 वर्षीय जरीना नामक महिला ने 5 मार्च को होटल में सेकेन्ड फ्लोर स्थित रुम नम्बर 219 में रुकी।

उसने होटल प्रबंधक को उन्हें डिस्टर्ब न करने की सलाह दी और कहा कि यदि किसी चीज की जरुरत होगी तो वह स्वयं सम्पर्क करेंगी। पहले ही डिस्टर्ब न करने का आर्डर देने पर होटल प्रबंधन ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया परन्तु करीब 8 दिन बाद रुम से कोई हलचल नहीं हुई तो होटल स्टॉफ ने मैनेजर को सूचना दी। मैनेजर ने सुबह अर्थात 14 मार्च तक इंतजार करने की बात कही और सुबह रुम का दरवाजा खटखटाया, परन्तु कोई आवाज न आने पर दरवाजा खोला गया और पाया कि रुम में उस महिला की मौत हो गई। जरीना के शरीर पर अनेक घाव दिखे और गला घोटने का निशान भी दिखा। होटल ने पुलिस में खबर की तथा पुलिस ने तुरंत आकर जांच चालू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# अपने गुणों के कारण प्रभु महावीर बने वीर महावीर : आचार्य महेन्द्रसागर

**होसपेट।** स्थानीय आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आयोजित प्रवचन में आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि भगवान महावीर को वर्षों की साधना काल के दौरान भयंकर उपसर्गों का सामना करना पडा, कष्ट देने वाले मानव,दानव और देव थे । परन्तु प्रभु महावीर ने इन्द्रियों पर नियंत्रण रखकर समता से सभी उपसर्गों को सहा और प्रभु क्षमाशील,सहनशील, समत्वशील बने रहते हुए वीर कहलाए। उन्होंने किसी को अपना शत्रु नहीं माना। समग्र जीव राशि से मैत्री ही प्रभु को अरिहंत बनाती है हम अरिहंत तो बनना चाहते है मगर शत्रुओं से मैत्री करना नहीं चाहते हैं, हमें भी प्रभु महावीर से शिक्षा लेते हुए अपने शत्रुओं को गले लगाना चाहिए।



# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर मदुरै में मनाया गया 'मानक महोत्सव'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय मानक ब्यूरो, बीआईएस विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस को 'मानक महोत्सव' के रूप में मना रहा है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2024 की थीम 'उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्ष और जिम्मेदार एआई' है।

बीआईएस मदुरै ने 12.03.2024 से तमिलनाडु के विभिन्न जिलों के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में दिन भर के कार्यक्रम (डीएलपी) और यूथ टू यूथ कनेक्ट अभियान (वाई2वाईसी) का आयोजन किया। पसुम्पोन मुथुरामलिंगा थेवर कॉलेज, तेनकासी में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. एस.हरिकेंगराम ने बीआईएस प्राधिकारियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बीआईएस मदुरै शाखा के वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख एसडीदयानंद ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, डिंडीगुल में एक साथ यूथ टू यूथ कनेक्ट अभियान भी चलाया गया। दिन भर चले कार्यक्रमों में प्रश्नोत्तरी, भाषण, नारा लेखन 'पोस्टर डिजाइनिंग' जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। यूथ टू यूथ कनेक्ट अभियान में प्रत्येक स्वयंसेवक अगले पांच दिनों में अन्य 25 छात्रों के साथ विभिन्न बीआईएस प्रमाणन चिह्न, बीआईएस केयर ऐप आदि के बारे में जानकारी साझा करेगा। इन आयोजनों का प्राथमिक उद्देश्य उपभोक्ता वस्तुओं के लिए सुरक्षा और गुणवत्ता बनाए रखने में आईएसआई मार्क, अनिवार्य पंजीकरण योजना (सीआरएस) मार्क, बीआईएस हॉलमार्क के महत्व पर जोर देते हुए गुणवत्ता और मानकों के महत्व पर जागरूकता पैदा करना है। पिछले तीन दिनों में 1150 से अधिक छात्रों ने दैनिक कार्यक्रमों में भाग लिया और 450 स्वयंसेवकों ने यूथ टू यूथ कनेक्ट अभियान के लिए पंजीकरण कराया। महोत्सव में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.